राष्ट्रीय दैनिक



# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





वर्ष : 14 | अंक : 280 | नई दिल्ली, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 22°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 64,110

चांदी 75,200

सेंसेक्स 72,623

निफ्टी 22,055

# शंभू बॉर्डर पर 12 सौ ट्रैक्टर और जेसीबी लेकर 14 हजार किसानों की फौज तैनात, सरकार कर रही मनाने के प्रयास

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर का माहौल बेहद गर्म है। यहां एक तरफ 14 हजार किसान, 12 सौ ट्रैक्टर,3 सौ कार,10 मिनी बस और कई जेसीबी लेकर खड़े हैं और दूसरी तरफ हजारों की संख्या में सुरक्षा बल तैनात है। किसान दिल्ली कूच करने पर अड़े हैं। जबकि सुरक्षाकर्मी उन्हें दिल्ली जाने से रोक रहे हैं। दोनों तरफ की जिद का परिणाम क्या होगा कोई नहीं जानता। हालांकि केंद्र सरकार किसानों को मनाने का प्रयास कर रही है ताकि किसी तरह का कोई विवाद पैदा न हो। बावजूद शंभू बॉर्डर पर जिस तरह के हालत है वो अच्छे नहीं हैं। पंजाब-हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर हजारों की संख्या में किसान डटे हैं और आज यानी बुधवार को दिल्ली कूच करेंगे। हालांकि, इस बीच केंद्र सरकार और प्रशासन की ओर से उन्हें मनाने की कोशिशें जारी हैं। इस बीच केंद्र का अनुमान है कि पंजाब-हरियाणा सीमा पर 1,200 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 300 कार और 10 मिनी बस के अलावा कई अन्य छोटे वाहनों के साथ लगभग 14,000 किसान जमा हैं। सूत्रों की मानें तो केंद्र सरकार ने किसानों की इस मौजूदगी को लेकर पंजाब सरकार के समक्ष कड़ी आपत्ति जताई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब सरकार



को भेजे पत्र में कहा कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति चिंता का विषय है और मंत्रालय ने राज्य सरकार को कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। गृह मंत्रालय ने कहा कि किसानों की आड़ में कई उपद्रवी पंजाब की हरियाणा से लगी शंभू सीमा के पास भारी मशीनरी जुटा रहे हैं और पथराव कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 14,000 लोगों को राजपुरा-अंबाला रोड पर शंभू बैरियर पर एकत्र होने दिया गया और उनके साथ लगभग 1,200 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 300 कार,10 मिनी बस और अन्य छोटे वाहन भी हैं। उसने दावा किया कि इसी तरह, पंजाब ने ढाबी-गुजरां बैरियर पर करीब 500 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ लगभग 4,500 लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति दी है। मंत्रालय ने पंजाब सरकार से कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पिछले कुछ दिनों से चिंता का विषय बनी हुई है, क्योंकि ऐसा लगता है कि विरोध की आड़ में उपद्रवियों और कानून तोड़ने वालों को पथराव करने और भारी मशीनरी जुटाने की खुली छूट दे दी गई है और उनका इरादा पड़ोसी राज्यों में अशांति और अव्यवस्था पैदा करना है। उसने कहा कि इसके मद्देनजर, किसानों के विरोध की आड़ में विघटनकारी गतिविधियां कर रहे सभी लोगों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल समीक्षा किए जाने और कड़ी कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया जाता है। **पुलिस ने कहा मशीने हटाएं प्रदर्शनकारी :** किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने लोहा,कांटे,सीमेंट और कांक्रीट से अवरोधक बनाए है। किसान कंक्रीट व भारी-भरकम बैरिकेड तोड़ने के लिए बख्तरबंद भारी मशीनरी लेकर किसान शंभू बॉर्डर पर पहुंचे हैं। बता दें एसकेएम के नेतृत्व में 22 फरवरी को किसानों का 500 संगठन दिल्ली में अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए मंथन करेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमारा इरादा किसी तरह की अराजकता पैदा करने का नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने सात नवंबर से दिल्ली पहुंचने का कार्यक्रम बनाया हुआ है। अब सरकार अगर ये कहती है कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिला तो इसका साफ मतलब है कि वह हमें नजरअंदाज करने का प्रयास कर रहे हैं। हमें रोकने के लिए बड़े-बड़े बैरिकेड लगाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह ने नरीमन, सयानी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन और रेडियो की जानीमानी हस्ती अमीन सयानी के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया। शाह ने कहा कि नरीमन ने देश की न्यायिक प्रणाली के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने ठहरी लेकिन खनकती आवाज में रोडियो कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' पेश करने वाले सयानी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया और कहा कि उनकी स्वर्णिम विरासत उन्हें अमर बनाती है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ''श्री फली एस नरीमन जी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। प्रख्यात विद्वान नरीमन जी की कानून की गहरी समझ और ज्ञान ने हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम किया। कानून की एक शक्तिशाली आवाज आज उनके निधन के साथ खामोश हो गई। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। ओम शांति। नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। केंद्रीय मंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि रेडियो की प्रसिद्ध आवाज माने जाने वाले सयानी अब नहीं रहें। उन्होंने कहा, सयानी जी के जाने से एक खालीपन पैदा हुआ है जिसे भरना मुश्किल है। उनकी स्वर्णिम विरासत उन्हें अमर बनाती है। उनके प्रियजनों और लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ओम शांति ।ह्न सयानी ने बुधवार को 91 वर्ष की आयु में मुंबई में अंतिम सांस ली।

### नरीमन एक महान बुद्धिजीवी थे : सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कानूनविद् और वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस नरीमन के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि वह ''एक महान बुद्धिजीवी थे।'' नरीमन का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के उच्चतम न्यायालय में आज की कार्यवाही शुरू करने पर उनसे कहा, ''श्रीमान अटॉर्नी जनरल, हम फली नरीमन के निधन पर शोक जताते हैं। वह एक महान बुद्धिजीवी थे।'' नरीमन हृदय संबंधी रोग सहित कई बीमारियों से जूझ रहे थे।

# भारत के दौरे पर आए ग्रीस के पीएम, प्रधानमंत्री मोदी से होगी हाईलेंवल मीटिंग

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली (ईएमएस)। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस बुधवार सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। मित्सोटाकिस मंगलवार देर रात दो दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उन्हें रिसीव किया था। 16 साल बाद ग्रीस का कोई प्रधानमंत्री भारत आया है। इसके पहले प्रधानमंत्री कोस्टास करमनलिस जनवरी 2008 में भारत आए थे। मित्सोटाकिस 9वें रायसीना डायलॉग 2024 के चीफ स्पीकर हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन करने वाले है। ग्रीस पीएम के साथ हाईलेवल डेलिगेशन भी भारत आया है।

इसमें बिजनेसमैन भी शामिल हैं। रायसीना डायलॉग वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का मंच है। इसमें मुख्य तौर पर 100 से ज्यादा देशों के विदेश मंत्री बैठक करते हैं। राष्ट्रपति भवन में ग्रीस के पीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजघाट में ग्रीस पीएम और उनकी पत्नी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि



दी। ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस ने पीएम मोदी से दिल्ली के हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। एजियन सागर को लेकर ग्रीस और तुर्किये में तनातनी चलती रहती है। इसके अलावा दोनों नाटो देशों के बीच साइप्रस द्वीप के बंटवारे को लेकर भी विवाद है। ये विवाद 1974 से है। जब ग्रीस समर्थित सैन्य तख्तापलट के जवाब में तुर्की के लड़ाकों ने इस द्वीप पर हमला किया था।

# मोदी के पास किसान की बात सुनने का समय नहीं: प्रियांक खड़गे

प्रात : किरण/एजेसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास मन-की-बात के लिए पर्याप्त समय है लेकिन किसान-की-बात सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। मंत्री ने कहा, जिस तरह से उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर नाकेबंदी की है, उससे पता चलता है कि सरकार किसानों के मुद्दों को हल करने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा,प्रधानमंत्री के पास मशहूर हस्तियों को बधाई देने के लिए पर्याप्त समय है; उनके पास मन-की-बात के लिए पर्याप्त समय है, लेकिन किसान-की-बात सुनने के लिए उनके पास समय नहीं है। खड़गे ने कहा कि सिर्फ डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का मतलब यह नहीं है कि केंद्र सरकार ने किसानों की समस्या का समाधान कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने उनसे बात करने की जहमत नहीं उठाई है। केंद्र सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। किसानों ने भारत रत्न के फैसले का स्वागत किया है, लेकिन वे डॉ. स्वामीनाथन की सिफारिशों की मांग कर रहे हैं।



### सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का हक : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मुद्दों पर प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों का समर्थन किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी को वह अपने घोषणा पत्र में शामिल करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अगर सभी फसलों पर कानूनी गारंटी नहीं दे सकती तो उसे कम से कम महत्वपूर्ण फसलों पर एमएसपी की गारंटी देनी ही चाहिए। किसान जो मांग कर रह हैं वह उनका अधिकार है। केन्द्र सरकार को किसानों की बात सुननी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक सभा में कहा था कि अगर उनकी सरकार बनी तो वह किसानों को सभी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे।

# पीएम जाएंगे गुजरात और उत्तर प्रदेश, देंगे करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात

नई दिल्ली, 21 फरवरी (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 और 23 फरवरी को गुजरात और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री गुजरात में 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे, कुछ परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और काम की शुरूआत करेंगे। वाराणसी और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। गुजरातः गुजरात से जुड़ी विकास परियोजनाओं से राज्य में सड़क, रेल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, इंटरनेट कनेक्टिविटी, शहरी विकास, जल आपूर्ति और पर्यटन सहित क्षेत्रों को प्रमुख बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री गुजरात में काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन पर दो नए दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर केएपीएस-3 और केएपीएस-4 राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री वडोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे और भारत नेट चरण क्कपरियोजना के महत्वपूर्ण खंड राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नवसारी में पीएम मित्र पार्क के निर्माण कार्य की शुरूआत करेंगे। पीएम अंबाजी में रिंछाड़िया महादेव मंदिर और झील के विकास की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगे। वे मेहसाणा के वालीनाथ महादेव मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेशः वाराणसी और आस-पास के क्षेत्रों से जुड़ी विकास परियोजनाओं से क्षेत्र में सड़क, उद्योग, पर्यटन, कपड़ा, स्वास्थ्य क्षेत्रों को प्रमुख प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री संत गुरु रविदास जन्मस्थली पर पूजा और दर्शन करेंगे। बीएचयू के स्वतंत्रता सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह में हिस्सा लेंगे।

# किसान आंदोलन के चलते जगह-जगह लग रहा जाम

प्रात : किरण/एजेंसी

फरीदाबाद/नई दिल्ली। किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए गाजीपुर चिल्ला और भोपुरा बार्डर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां पर दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। कई जगहों पर बैरिकेडिंग और किसानों के जमावड़े से जाम की स्थिति बन गई है। गाजीपुर, चिल्ला और भोपुरा बार्डर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां पर दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। फिलहाल अभी जाम की स्थिति नहीं है। वहीं नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद की दिल्ली से लगी सीमाओं पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं कई जगहों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई है। किसानों के दिल्ली कोच को लेकर दिल्ली पुलिस ने रजोकरी बार्डर पर बेरिकेडिंग से वाहनों की रफ्तार कम होने से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सिरहौल बार्डर से दिल्ली बार्डर में प्रवेश करने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। किसानों को रोकने के लिए गुरुग्राम पुलिस भी सतर्क नजर आई बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है वाहन चालकों के आई कार्ड देखकर ही वाहनों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन में कर सकते हैं वापसी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले दल बदल का सिलसिला चालू हो गया है। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन के सहयोगी जयंत चौधरी पाला बदल कर एनडीए में शामिल हो गए थे लेकिन अब खबर आ रही है कि जयंत का एनडीए से मोहभंग हो गया है। जिससे वो इंडिया में फिर से वापसी कर सकते हैं। लोकसभ चुनाव से पहले देश में सियासी पारा हाई हो चुका है। इसी कड़ी में दलबदल का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ कर एनडीए में शामिल हुए जयंत चौधरी का अब मन बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। दरसअल पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में एक आईपीएस अधिकारी और बीजेपी कार्यकताओं के बीच बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल है।

आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को वीडियो में साफ तौर पर सुना जा सकता है कि वो खालिस्तानी कहे जाने पर काफी गुस्सा हैं और बीजेपी कार्यकताओं पर लीगल एक्शन लेने की बात कह रहे हैं। इस मामले पर अब जयंत चौधरी ने भी बिना नाम लिए बीजेपी के खिलाफ नाराजगी जताई है। दरसअल जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखाझ्र मैं आईपीएस जसप्रीत सिंह का गुस्सा समझ सकता हूं! हालांकि उन्होंने इस मामले को लेकर बहुत ज्यादा बात नहीं लिखी लेकिन ये पूरा मामला बीजेपी कार्यकताओं के आईपीएस अधिकारी को लेकर रवैये से जुड़ा है। इसी बीच अब ये चर्चा भी है कि जयंत चौधरी एनडीए गठबंधन के साथ जाने का अपना मन बदल भी सकते हैं। फिलहाल आधिकारिक तौर पर भी वो इस गठबंधन को लेकर बहुत साफ कुछ कहते नहीं दिखे हैं। जिसके बाद ये कयास लगाएं जा रहे हैं कि जयंत चौधरी इंडिया में फिर वापसी कर सकते हैं।

# उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत की

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में भारत के अलावा 11 देशों के कुल 23 छात्र शामिल थे। इन देशों में भूटान, वियतनाम, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, म्यांमार, लाओस, नेपाल, अर्जेंटीना, केन्या, थाईलैंड और युगांडा शामिल हैं। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने छात्रों से शांति, प्रगति और सतत विकास का ट्रस्टी बनने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय सभ्यतागत लोकाचार के शाश्वत योगदान पर भी प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से भगवान बुद्ध के शांति और सद्भाव के संदेश का प्रचार करने का आग्रह किया। धनखड़ ने छात्रों से प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण



तरीके से उपयोग करने के प्रति जागरूक रहने व लोगों को जागरूक बनाने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने बिहार राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान 29 सितंबर, 2023 को नालंदा विश्वविद्यालय जाने के प्रसंग को याद किया। इस अवसर पर, धनखड़ ने नालंदा के इतिहास और इसके 'शक्तिशाली ब्रांड' पर विचार व्यक्त किए, जिससे छात्रों को इसकी विरासत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रोत्साहित हों।

### लोगों का आक्रोश तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकेगा: डॉ. सुभाष सरकार

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर डॉ. सुभाष सरकार ने कहा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। इस घटना ने देश का ध्यान पश्चिम बंगाल की ओर खींचा है।'' केन्द्रीय मंत्री ने आगे कहा ऱ्पश्चिम बंगाल में ऐसे कई संदेशखाली बन गए हैं जहां मानव अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, जब प्रवर्तन निदेशालय की टीम शाहजहां के आवास की जांच के लिए संदेशखाली पहुंची।

# राहुल के हर एक बयान पर स्मृति कर रहीं पलटवार

प्रात : किरण/एजेंसी

अमेठी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी पहुंचते ही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सक्रिय हो गईं। उन्होनें आव देखा न ताव राहुल के एक एक बयान पर पलटवार किया और उनके भविष्य की चिंता भी जाहिर कर दी। ऐंधी की जनसभा में राहुल द्वारा वाराणसी में युवाओं के नशे में होने के बयान पर स्मृति ने मंगलवार को पलटवार किया। स्मृति ने कहा कि राहुल ने यूपी की जनता का अपमान किया है युवाओं का अपमान किया है। गांधी के मन में उत्तर प्रदेश के लिए कितना विष भरा है। वह उनके अभद्र टिप्पणी से प्रतीत होता है। दक्षिण भारत के वायनाड में जाकर राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के नागरिकों के बारे में भी टिप्पणी की थी। रामलाल जब अपने भव्य मंदिर में



विराजमान हो रहे थे, तब भी प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के निमंत्रण को उन्होंने ठुकराया था और आज काशी के पुण्य भूमि के बारे में और उत्तर प्रदेश के युवा पीढ़ी के बारे में जो अपशब्द राहुल गांधी ने कहे हैं। मैं तो कहूंगी कि कांग्रेस पार्टी का भविष्य अंधकार में है, लेकिन उत्तर प्रदेश का भविष्य बढ़ रहा है। बता दें राहुल गांधी रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहा था- मैं वाराणसी गया और मैंने देखा की रात को बाजा बज रहा है। वहां पर शराब पिए सड़क पर लेटे हुए लोग बाजा बजा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का भविष्य रात को शराब पीकर नाच रहा है... दूसरी तरफ राम मंदिर है जिसमें पीएम मोदी दिखेंगे, अंबानी दिखेंगे... आपको हिंदुस्तान के सभी अरबपति दिखेंगे लेकिन एक भी पिछड़ा या दलित व्यक्ति नहीं दिखेगा। अमेठी सांसद ने आगे कहा- प्रगति की ओर उत्तर प्रदेश में सोमवार को ही इन्वेस्टमेंट सबमिट हुआ। एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी का जो प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया, उस संकल्प को उत्तर प्रदेश का नौजवान ही साकार करेगा। मेरी यह हिदायत है सोनिया गांधी को, की अपने बेटे को अगर आप अच्छे संस्कार न दे सके, तो उनसे कहे कि इस प्रकार के हमारे जो पुण्य स्थल हैं। उनके बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां करना बंद करें।

**संबोधन** — भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कानपुर पहुंचे राहुल ने शहर स्थित घंटाघर चौराहे पर एक जनसभा को संबोधित किया

# यह कैसा राम राज्यर, जहां 90% लोगों को रोजगार नहीं मिल सकता : राहुल

प्रात : किरण/एजेंसी

कानपुर/उन्नाव (उप्र)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'राम राज्य ' की परिकल्प ना को साकार करने का दावा करने वाली केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह कैसा राम राज्य है जहां कुल आबादी में लगभग 90 फीसद हिस्सेदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यदकों को रोजगार नहीं मिल सकता। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कानपुर पहुंचे राहुल ने शहर स्थित घंटाघर चौराहे पर एक जनसभा को सम्बोरधित करते हुए मोदी सरकार पर देश की आबादी में करीब 90



प्रतिशत की हिस्सेकदारी रखने वाले पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पनसंख्य कों के साथ नाइंसाफी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, देश में 50 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों की है, दलित 15 प्रतिशत, आठ प्रतिशत आदिवासी और अल्पासंख्यिक 15 प्रतिशत हैं। आप जितना चिल्लाना चाहते हैं चिल्लाएं लेकिन इस देश में आपको रोजगार नहीं मिल सकता। आप पिछड़े, दलित, आदिवासी या गरीब सामान्य वर्ग के हैं तो आपको रोजगार नहीं मिल सकता। (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी जी नहीं चाहते कि आप लोगों को रोजगार मिले। पूर्व कांग्रेस अध्यनक्ष ने कहा, यह कैसा राम राज्य है जिसमें 90 प्रतिशत लोगों को रोजगार नहीं मिल सकता। लोग भूखे मर रहे हैं। मीडिया में बड़े-बड़े उद्योगों में आपका कोई नहीं है। किसी संस्था में आपका कोई नहीं। नौकरशाही में आपका कोई नहीं।

राहुल ने गत 22 जनवरी को अयोध्या। में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा, ह्वआपने प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखा। उसमें कितने लोग पिछड़े वर्ग के थे, दलित और आदिवासी कितने थे। आदिवासी राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मु) को भी नहीं बुलाया गया। राहुल ने जातिवार गणना पर जोर देते हुए कहा, ह्वहमने कहा है कि हिंदुस्तान की प्रगति के लिए सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम जातिवार जनगणना है। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। जातिवार जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे और वित्तीय सर्वे करके हम पता लगाएंगे कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के हाथ में कितना पैसा है। उन्हों ने आरोप लगाते हुए कहा, देश का पूरा का पूरा धन दो तीन प्रतिशत लोगों के हाथ में है। अडाणी, अंबानी, टाटा, बिड़लाझ्. यह दो-तीन प्रतिशत लोग आप पर राज कर रहे हैं। नए हिंदुस्तान के महाराजा हैं यह लोग और जो प्रजा है वह भटकती है!

**संक्षिप्त समाचार**

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 21 साल कारावास की सजा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा श्रीकांत पांडे की अदालत ने पॉक्सो के आरोपी नरेश कुमार निवासी सल्ट अल्मोड़ा को दोष सिद्ध किया है। अभियुक्त को पॉक्सो एक्ट में 21 साल कारावास और 506 आईपीसी में तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा, विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी, सहायक शासकीय अधिवक्ता शेखर चंद्र नैलवाल ने बताया कि पीड़िता के पिता ने पुलिस को एक तहरीर दी। उसने कहा कि अभियुक्त ने 22 नवंबर 2021 को पेप्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर उसकी नाबालिग पुत्री को पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले की सुनवाई विशेष सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा की अदालत में हुई। न्यायालय ने पत्रावली पर मौजूद दस्तावेजी साक्ष्यों के परिशीलन करने के बाद अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए उसे पॉक्सो एक्ट में 21 साल के कठोर कारावास और 506 आईपीसी में 3 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया ।

## लाइनों को खुला छोड़ने से बाधित हो रही आपूर्ति

**चौखुटिया, एजेंसी।** जल संस्थान की ओर से नगर के पुराने बाजार में पेयजल की नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य तो किया गया लेकिन पाइप लाइनों को ठीक से ढकने के बजाय उन्हें खुला छोड़ दिया गया है जिससे लोग परेशान हैं। लोगों ने कहा कि पाइप लाइन ऊपर से खुली होने के चलते वाहनों के आवागमन करने पर पाइप उखड़ जाते हैं जिससे आए दिन पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। लोगों ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जल संस्थान के जेई सोनू भट्ट ने बताया कि संबंधित निर्माणकर्ता से पाइपों को ढंकने के लिए कहा गया है। समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा।

## महाविद्यालय में खिड़की से फेंक कर हो रहे असाइनमेंट जमा

**काशीपुर, एजेंसी।** राधेहरि पीजी कॉलेज में प्राध्यापकों की ड्यूटी परीक्षा और चुनाव में लगने के चलते असाइनमेंट कमरे में बिखरे पड़े हैं। इससे विद्यार्थियों में असाइनमेंट गुम होने का डर है। वहीं एक छात्रा की ओर से कुर्सी पर चढ़कर खिड़की से कक्ष में असाइमेंट फेंकतीं नजर आ रही है। दरअसल महाविद्यालय में परीक्षाओं के साथ ऑडिट हो रहा है। इनके अलावा जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि में भी प्राध्यापक ड्यूटी कर रहे हैं जिसके चलते उन्हें को बीए प्रथम सेमेस्टर के संस्कृत के श्रीमद्भागवत गीता प्रबंधन पेपर समेत अन्य विभागों के असाइनमेंट जमा करने का उन्हें समय नहीं मिल रहा। छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्राध्यापक ने असाइनमेंट खिड़की से फेंक कर जमा करने को कहा था।

## श्रम कार्ड बनवाने के लिए मारामारी और हंगामा

**खटीमा, एजेंसी।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को सरकार की ओर से कंबल, छाता और सेनेटरी नैपकिन वितरित करने की तैयारी चल रही है। इसका पता चलने पर सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय में महिला और पुरुष श्रमिकों का जमावड़ा लग गया। पंजीकरण और नए श्रम कार्ड बनवाने के लिए श्रमिकों में धक्कामुक्की व मारामारी की नौबत रही। बताया कि खटीमा में भवन निर्माण आदि कार्य के लिए करीब 6500 श्रमिक पंजीकृत हैं जिनमें से अधिकतर श्रमिकों के कार्ड का नवीनीकरण न होने से कार्ड निष्क्रिय हो चुके हैं। अब अचानक एक साथ श्रमिक अपने श्रम कार्ड का नवीनीकरण करवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साहित्यकारों को प्रदान किये उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान

**देहरादून, एजेंसी**




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा सर्वे चौक स्थित आई0आर0डी0टी0 सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 10 साहित्यकारों को उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान के साहित्य गौरव सम्मान समारोह में उपस्थित प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से आये साहित्यकारों और भाषा प्रेमियों का स्वागत करते हुए सभी को विश्व मातृभाषा दिवस की भी शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान से अपेक्षा की कि वे अपनी साहित्यिक एवम् भाषाई गतिविधियों को व्यापक स्तर प्रदान कर प्रदेश में साहित्य ग्राम बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी करें, इससे प्रदेश में स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ छोटे-छोटे क्षेत्रों में बोली जाने वाली बोलियों व उनमें रचे जा रहे साहित्य को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में है, जहां भाषा और साहित्य की सेवा करने वाली अनेक विभूतियों- सुमित्रानंदन पंत जी, भजन सिंह जी, गोविंद चातक जी, गुमानी पंत जी, शैलेश मटियानी जी, डॉ० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जी, मनोहर श्याम जोशी जी, गौरा पंत शिवानी जी, शेखर जोशी जी, लीलाधर जगूड़ी जी, वीरेन डंगवाल जी, गिरीश तिवारी गिर्दा जी और भैरव दत्त धूलिया ने जन्म लिया, जिन्होंने अपनी रचनाओं से उत्तराखण्ड की चिंतन परंपरा को विराट भावभूमि प्रदान की है। इसके अतिरिक्त इलाचंद्र जोशी, ओमप्रकाश वाल्मीकि, सरदार पूर्ण सिंह, प्रसून जोशी, गंगाप्रसाद विमल, शेरजंग गर्ग आदि अनेकों साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में साहित्य के क्षेत्र में छोटे से स्थानों में जन्म लेकर सुमित्रानन्दन पन्त, शैलेश मटियानी, लीलाधर जगूड़ी आदि जैसे महान रचनाकारों ने इसकी चिन्तन परम्परा को विराट भाव भूमि प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान पाने वाले साहित्यकारों में वे साहित्यकार भी शामिल हैं जो अनेक विशिष्ट बोलियों में रचना कर्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी भाषा और बोलियों का सम्मान नहीं करता वह अपनी प्रतिष्ठा गवां देता है। उन्होंने आम लोगों का आह्वान किया कि अपनी भाषा एवम् बोलियों को बचाने और उन्हें बढ़ाने के कार्य में आम लोगों की व्यापक सहभागिता बहुत जरूरी है तथा इस महत्वपूर्ण कार्य को हम सभी को अपने घर से आरम्भ करना होगा तथा विशेष रूप से बच्चों के साथ संवाद करते समय अपनी मातृ भाषा और आम बोलियों का प्रयोग करना होगा। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोक भाषाओं पर विद्वान साहित्यकारों के मध्य विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे हिंदी व अन्य लोक भाषाओं का संरक्षण, विकास और उत्थान हो सके तथा आपके महत्वपूर्ण सुझावों को संस्थान अपनी भविष्य की कार्ययोजना में अवश्य सम्मिलित करेगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड भाषा संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि अपनी स्थापना के बाद से उत्तराखण्ड भाषा संस्थान ने कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हिन्दी अकादमी, पंजाबी अकादमी, उर्दू अकादमी और लोक भाषा बोली अकादमी को एक छत के नीचे लाते हुए उत्तराखण्ड भाषा संस्थान को पुर्नगठित किया है तथा भाषा संस्थान की स्वायत्तता को बरकरार रखते हुए इसके विकास के लिए सरकार हर सम्भव कार्य करने को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने साहित्यकारों, भाषाविदों, शोधार्थियों से अनुरोध किया कि वे भाषा संस्थान के साथ मिलकर भाषाई विकास के लिए कार्य करें और इस संस्थान को देश के प्रतिष्ठित संस्थान के तौर पर विकसित करने के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसी के अनुरूप हमारे भाषा संस्थान की पहचान भी पूरे देश में होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रो. लक्ष्मण सिंह बटरोही को सुमित्रानन्दन पन्त पुरस्कार, देवकीनंदन भट्ट मयंक को गुमानी पन्त पुरस्कार, गिरीश सुंदरियाल को भजन सिंह ह्लसिंहह्ल पुरस्कार, सुरेश मंमगाई को गोविन्द चातक पुरस्कार, प्रेम कुमार साहिल को अध्यापक पूर्ण सिंह पुरस्कार, के0ए0 खान उर्फ नदीम बरनी को प्रो0 उनवान चिश्ती पुरस्कार, प्रो. शैलेय को महादेवी वर्मा पुरस्कार, डॉ० सुशील उपाध्याय को शैलेश मटियानी पुरस्कार, डॉ० ललित मोहन पंत को डॉ0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल पुरस्कार तथा गणेश खुगशाल ह्यगणीह्न को भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार से सम्मानित किया तथा कहा कि आप सभी को सम्मानित कर भाषा संस्थान स्वयं सम्मानित हुआ है। उत्तराखण्ड साहित्य गौरव समान समारोह को भाषा मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुबोध उनियाल ने सभी सम्मानित साहित्यकारों को हार्दिक बधाई व शुभकामना देते हुये कहा कि हमारे लिये यह गौरव के क्षण हैं तथा किसी भी समाज में साहित्य व कला का महत्वपूर्ण स्थान होता है। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये पूर्व मुख्य सचिव इन्दू कुमार पाण्डेय ने कहा कि वेदों के जो भी मंत्र हैं, उनमें देवता का आह्वान होता है। उन्होंने कहा कि कवि को परिभाषित नहीं किया जा सकता है, वह मंत्र द्रष्टा है। इसी कारण शब्द को ब्रह्म का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय परम्परा में शब्द को ब्रह्म कहा गया है तथा हमारी साहित्य की परम्परा काफी समृद्ध है। कार्यक्रम को विधायक खजान दास, निदेशक उत्तराखण्ड भाषा संस्थान स्वाति एस0 भदौरिया, डॉ0 सुधा पाण्डे ने भी भाषा संस्थान द्वारा उठाये गये कदमों के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संस्थान की पत्रिका तथा कुमाऊंनी भाषा साहित की पराण नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। मंच का सफल संचालन हेमन्त बिष्ट ने किया। इस अवसर पर सचिव विनोद रतूड़ी, प्रो0 कुमुदिनी नौटियाल, प्रो0 लक्ष्मण, बीना वेंजवाल, प्रतिबिम्ब बड़थ्वाल, नवीन लोहानी, लोक गायक नरेन्द्र सिंह नेगी, हयात सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार व साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# कॉमर्शियल बिजली दरों में 38.66 फीसदी बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर उद्योगपतियों को एतराज



**रुद्रपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में विद्युत कंपनियों की ओर से साल 2024-25 के टैरिफ में 38.66 फीसदी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा गया और उद्योगपतियों ने एक स्वर में इसका विरोध किया। कार्यक्रम में यूपीसीएल और यूजेवीएनएल के एमडी के नहीं पहुंचने पर कार्यवाहक अध्यक्ष डीपी गैरोला ने कड़ी नाराजगी जताई और दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के आदेश दिए।

मंगलवार को विकास भवन के सभागार में नियामक आयोग की ओर से जनसुनवाई की गई। आयोग के समक्ष यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएनएल व एसएलडीसी की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा गया। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष डीपी गैरोला, तकनीक सदस्य एमएल प्रसाद ने आम उपभोक्ताओं के सुझाव लिए। उद्योगपतियों ने कहा कि झारखंड, हरियाणा, गुजरात और हिमाचल में उत्तराखंड से सस्ती बिजली दी जा रही है। यहां हर साल बिजली की दरें बढ़ रही हैं। अघोषित बिजली कटौती, ब्रेकडाउन व ट्रिपिंग की समस्या से भी उद्योगों को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। महीने में 27 से 28 फीसदी बिजली कटौती हो रही है। राज्य में 3.50 लाख करोड़ का निवेश होने जा रहा है। ऐसे में यहां आने वाले उद्योग महंगी बिजली दरों पर कैसे आएंगे। गुजरने वाली विद्युत लाइनों को सड़कों के किनारे शिफ्टिंग करने की मांग की। कहा कि ट्रांसफार्मर में खराबी पर उसे ठीक न कर सीधे बदल दिया जाता है। यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी ने कंपनी की ओर से खरीदी जा रही बिजली दरें रखीं।

# मलिक के पेट्रोल पंप तक पहुंची पुलिस, कब्जे में ली पंप की डीवीआर; अब बोतल में ईंधन ले जाने वालों की तलाश

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा थाना फूंकने के लिए उपद्रवियों ने पेट्रोल बम का प्रयोग किया था। ये बम कहां से आए और कैसे तैयार हुए, इन सवालों का जवाब जानने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच उपद्रव के मुख्य साजिशकर्ता मलिक के पेट्रोल पंप तक पहुंची है। यहां लगे सीसीटीवी की डीवीआर पुलिस ने कब्जे में ले ली है। आठ फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रव हुआ था। थाने में पेट्रोल बम से हमला हुआ था। हमलावरों ने पहचान छुपाने के लिए मास्क पहने थे। असल में जिस समय थाना फूंका गया, उस समय अंदर मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे। पुलिस व अन्य अधिकारी मान रहे हैं कि पेट्रोल बम बनाकर थाना फूंकने की प्लानिंग आकस्मिक नहीं थी। इसलिए सवाल ये है कि इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ उपद्रवियों के पास कब और कैसे पहुंचा इसकी जांच के लिए पुलिस ने शहर भर के पेट्रोल पंप को जांच के घेरे में ले लिया है। कालाढूंगी रोड पर स्थित मलिक के पंप की डीवीआर कब्जे में ले ली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पेट्रोल पंप पर बोतल व गैलन लेकर आने व जाने वालों की जांच की जा रही है। बम बनाने के पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं, इसकी भी तफ्तीश हो रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़कर आगे बढ़ रही है।





# अभी भी जगह-जगह दिख रहे हल्द्वानी हिंसा के जख्म, अधिकतर घरों में लटके ताले

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी हिंसा में मिले जख्म लोगों के जेहन में अभी भी ताजा है। मलिक के बगीचे में चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ है। जहां भी नजर डालें, वहां घरों में ताले ही लटके दिखाई दे रहे हैं। हल्द्वानी में हिंसा आठ फरवरी को भड़क गई थी। अवैध मदरसे को ढहाने गई नगर निगम और पुलिस की टीम पर हमला कर दिया गया था। इस हिंसा में छह लोगों की मौत हुई है और 300 से अधिक पुलिस, नगर निगम और मीडियाकर्मियों घायल हुए थे।



मलिक के बगीचे में चारों ओर जहां भी नजर डालें, वहां घरों में ताले ही लटके दिखाई दे रहे हैं। कई घरों के दरवाजे और शटर टूटे हुए हैं। पत्थर लगने के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। एक-दो घर जहां ताला नहीं है, वहां सिर्फ महिलाएं दिखाई दे रही हैं। शांति के बीच सिर्फ पोकलैंड चलने और मजदूरों की आवाज सुनाई दे रही है। बगीचे को जाने वाले रास्ते से ही अधिकतर घरों पर ताले दिखते हैं। एक घर में महिला दिखाई दे रही है, लेकिन वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। सामने अर्द्धसैनिक बल के जवान खड़े हैं। वे रोकते हैं, पूछते हैं कौन हो कहां जा रहे हो उन्हें बताने पर पहले मना करते हैं। फिर आगे जाने देते हैं। वहीं, इसके बगल में कुर्क किया गया सामान खुले में रखा है। इसे काली पॉलिथिन से ढका गया है। चारों ओर नजर दौड़ाने पर अधिकतर घरों में ताले लगे हैं। घर के बाहर लगे शीशे पत्थर से टूटे दिख रहे हैं। कुछ दुकानों के शटर टूटे हैं। कुछ घर खुले हैं। इनमें पुरुष नहीं दिखाई दे रहे हैं। तभी एक व्यक्ति मिलता है वह बताता है कि सभी लोग भाग गए हैं। घरों में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे हैं। कहा कि परिधि के 100 मीटर के दायरे में मात्र 10 पुरुष रह गए होंगे। इसके अलावा सभी यहां से छोड़कर जा चुके हैं।

# पेराई सत्र समाप्त होने की सुगबुगाहट से गन्ना बुवाई में आई तेजी

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अभी तक चीनी मिल करीब 19 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर चुकी है। कम गन्ना मिलने से इस बार शुगर मिल का पेराई सत्र जल्द समाप्त होने के आसार होने के कारण किसानों ने खेतों में गन्ना बुवाई की गति बढ़ा दी है। मिल बंद होने से पहले किसान बुवाई कर बचे गन्ने की आपूर्ति को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे है।

कम गन्ना उत्पादन समेत कई अन्य कारणों से इस बार शुगर मिल का गन्ना पेराई सत्र जल्द समाप्त होने के कगार पर है। अभी तक चीनी मिल लगभग 19 लाख क्विंटल गन्ना पेराई कर चुकी है। गन्ना समिति के माध्यम से होने वाली सप्लाई प्रभावित होना शुरू हो गई है। हरिद्वार जनपद के कई गन्ना क्रय केंद्र लड़खड़ा गए हैं।

मिल के पेराई सत्र को समाप्त होने की सुगबुगाहट शुरू होने पर क्षेत्र के किसान तेजी से गन्ना बुवाई में लगे हुए हैं। किसान बुवाई मार्च माह तक करते थे।

# 19849 छात्र-छात्राओं को मिलेगी उपाधि

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में आज (बुधवार) चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अति विशिष्ट अतिथि और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मंगलवार को एसडीएस विवि परिसर में कुलपति एनके जोशी ने पत्रकारों से कहा कि दीक्षांत समारोह में 19,849 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। 69 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को श्रीदेव सुमन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

स्नातकोत्तर के तीन विषय इतिहास, मानव विज्ञान, चित्रकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह विवि परिसर में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। करीब ढाई करोड़ की लागत से बने प्रेक्षागृह का मुख्य अतिथि लोकार्पण करेंगे। उसके बाद प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विजय श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. केआर भट्ट, मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार मैंदोला आदि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश और विश्वविद्यालय मुख्यालय में ढांचागत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। जिसके तहत ऋषिकेश परिसर में एकेडमिक ब्लॉक, परीक्षा हॉल, टाइप 5 की बिल्डिंग, गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विज्ञान और कला संकाय के मरम्मरतीकरण का कार्य शुरू हो गया है। ऑडिटोरियम एवं वाणिज्य में प्रथम तल का कार्य भी शुरू होने वाला है।

कहा, विश्वविद्यालय में रोजगारपरक व्यवसायिक पाठ्यक्रम बीबीए, बीसीए, बीएससी (कंप्यूटर साइंस) और एमएससी माइक्रोबॉयालोजी आदि विधिवत शुरू हो गए हैं। साथ ही विश्वविद्यालय मुख्यालय में भी एक दशक बाद बीसीए पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं जवाबदेही तय करने के लिए श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की ओर से ईआरपी पोर्टल तैयार कर समस्त कार्यों को डिजिटाइज किया गया है।

# पार्किंग की जगह पर बना दिया गोदाम, दुकान, सड़क पर जाम

**ऋषिकेश, एजेंसी।** शहर में बैंकों और मॉल में पार्किंग की सुविधा न होने के कारण ग्राहकों के वाहन सड़क किनारे फुटपाथ पर पार्क किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर पार्किंग की जगह पर गोदाम और दुकान बना दिए गए हैं। इससे आए दिन सड़क पर जाम लग जाता है। ग्राहकों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। नगर निगम और प्रशासन अतिक्रमण नहीं हटवा पा रहा है।

शहर में देहरादून रोड, हरिद्वार रोड, लक्ष्मणझूला रोड, गीतानगर, आवास विकास कॉलोनी आदि स्थानों पर राष्ट्रीय और प्राइवेट बैंक हैं। इन बैंकों की जो पार्किंग की जगह है उनमें कहीं गोदाम बना है तो, कहीं दुकानें चल रही हैं। कहीं हाईवे पर ही बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन पार्क करवाए जा रहे हैं। इन बैंकों के आगे सुबह से दोपहर तीन बजे तक जाम जैसी स्थिति बनीं रहती है।

वहीं जो मॉल खुले हैं, उनमें भी ग्राहकों के वाहनों को सड़क किनारे पार्क करवाया जा रहा है। इनके बाहर सड़क तक वाहनों की भीड़ लगी रहती है। नगर निगम प्रशासन और पुलिस भी इन संस्थानों को पार्किंग का इंतजाम करवाने के लिए नहीं कह रही है। बैंकों को भवन किराए पर देने और पार्किंग स्थल को दूसरे काम के लिए किराए के लिए देने से जहां भवन स्वामी मालामाल हो रहे हैं, वहीं राहगीर बीच सड़क पर पैदल चलने को मजबूर हैं।

पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली टैक्सी, बोलेरो, मैक्स को पार्क करने के लिए प्रशासन की ओर से चंद्रभागा पुल के नीचे अस्थाई पार्किंग का निर्माण किया गया था।

# सुक्की टॉप से आगे बर्फ हटाने में जुटे मजदूर, 28 घंटे बाद भी नहीं खुला हाईवे


**उत्तरकाशी, एजेंसी।** गंगोत्री हाईवे पर सुक्की टॉप से आगे 28 घंटे बाद भी आवाजाही सुचारू नहीं हो पाई है। जिस कारण उपला टकनौर के आठ गांव सहित गंगोत्री धाम और अंतरराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है।

बर्फबारी के कारण बीते मंगलवार सुबह गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक बंद हो गया था। देर शाम बीआरओ ने सुक्की से झाला तक हाईवे आवाजाही के लिए खोला था, लेकिन फिर बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे दोबारा बंद हो गया है।

यहां बीआरओ के मजदूर बर्फ हटाने के काम में जुटे हुए हैं। तीन दिनों से गंगोत्री और यमुनोत्री में जमकर बर्फबारी हो रही है। मंगलवार को निचले इलाकों में बारिश हुई और शीतलहर चलती रही। गंगोत्री धाम के पुरोहित संतोष सेमवाल ने बताया कि सोमवार देर रात हुई बर्फबारी के बाद मंगलवार सुबह गंगोत्री धाम में करीब 1 से डेढ़ फीट बर्फ जम गई है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हुई बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से लेकर गंगोत्री तक है। इस कारण उपला टकनौर के आठ गांव सहित गंगोत्री धाम और अंतरराष्ट्रीय सीमा का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। वहीं हर्षिल घाटी में बर्फ के बीच ही बच्चे स्कूल पहुंचे।





हर्षिल घाटी में बर्फबारी के कारण गंगोत्री हाईवे सुक्की से गंगोत्री तक मंगलवार सुबह छह बजे बंद हो गया था। ऐसे में यहां आने वाले वाहनों को लौटना पड़ा। हाईवे खोलने के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की मशीनरी और मजदूर जुटे रहे। अभी तक तक हाईवे नहीं खुल पाया।

हर्षिल में करीब आधा फीट बर्फ जम चुकी है। घाटी में बर्फ के बीच राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुक्की के छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कड़कड़ाती ठंड के बीच सुबह की प्रार्थना और पठन-पाठन किया।

मौसम विभाग ने देहरादून समेत टिहरी, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार जिले में मौसम खराब होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# भारंगमः अद्वितीय के समापन समारोह में अभिनेता पियूष मिश्रा ने लगाए चार-चाँद, कल चित्तरंजन त्रिपाठी के नाटक समुद्र मंथन का होगा मंचन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में आज 4 कथाओं, 2 लोक नृत्य और एक बुक लॉन्च की गई. सुप्रसिद्ध एक्टर, राइटर और सिंगर श्री पियूष मिश्रा आज एनएसडी के स्टूडेंट यूनिन के अद्वितीय के क्लोजिंग सेरेमनी में शामिल हुए. उन्होंने सैयद मो. इरफान, गुफ़्ताफ़ू के संस्थापक के साथ मिलकर बच्चों और आंगतुकों के साथ अपना ज्ञान बांटा। पियूष मिश्रा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के 1986 बैच के पासआउट हैं. उन्होंने आज अपने पुराने दिनों की यादो को भी सबके बीच रखा. इसके अलावा आज निलॉय रॉय की किताब- द सेंसरी प्रोसेस ऑफ एक्टिंग भी लॉन्च की गई. आज 20 फरवरी को 4 कथाएं दिखाई गई जिसमें चारचौघी (श्री राम सेंटर-5 बजे से), हाजी कसम तरी विजली (एलटीजी में 6 बजे से), द लाइट कैचर (सम्मुख में 6:30 बजे से) और वन आरके का मंचन अभिमंच में किया गया. नाटकों के अलावा आज विद्यालय में भोजपुरी नृत्य और डांडिया की प्रस्तुति दी गई. लोक नृत्य की प्रस्तुतियों का भी आज समापन हो गया है.

ह्यचारचौघीह्णचार महिलाओं की कहानी है, जिन्होंने पितृसत्तात्मक समाज के बंधन को तोड़ दिया है और वे अपने व्यक्तित्व को साकार करने की राह पर आगे बढ़ रही हैं। नाटक में एक माँ और उसकी तीन बेटियों की स्वतंत्र सोच के अनुसार अपने जीवन में बहुत ही असामान्य निर्णय लेने की कहानी को दशार्या गया है। हालाँकि ये निर्णय व्यक्तिगत हैं लेकिन ये सामान्य रूप से महिलाओं की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये नाटक स्त्री-पुरुष के संबंधों के बारे में बताता है.

ह्यहाजी कसम तारी विजलीह्णका निर्देशन अभिनय बैंकर ने किया है. ये नाटक गुणवंतराय आचार्य के प्रसिद्ध उपन्यास हाजी कसम तारी विजली पर आधारित है. इसमें 1888 में पोरबंदर तट पर एक चक्रवाती तूफान में अपने 700 यात्रियों के साथ एसएस वैतरणा, जिसे विजली के नाम से जाना जाता है, के लापता होने की सच्ची घटना दिखाई गई है.

लाइट कैचर जिसका निर्देशन संकेत परखे के द्वारा किया गया है, इसमें विविध संस्कृतियों और परिदृश्यों में स्त्री सौंदर्य को कैमरा में कैद करने की कोशिश है. नाटक में एक भावुक और दृढ़ फोटोग्राफर कनिका सुमन की कहानी है जो स्त्री सुंदरता को कैमरे में कैद करने की कहानी है.

वनआरके, (वन रूम किचन) जिसका लेखन और निर्देशन इम्तियाज अहमद ने किया है, इस नाटक में दूर दराज के गावं से शहर में बसने वाले लोगों की कहानी, उनकी पीड़ा और संघर्ष दिखाया गया है. गावं से शहर जाकर पैसे कमाने और अच्छी जिंदगी जीने के सपनों और फिर हकीकत को भी दिखाया गयाहै.

कल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारत रंग महोत्सव का समान समारोह है जो शाम 4 बजे से शुरू होगा। करीब 2000 परफार्मिंग आर्ट ग्रुप विर्चुअल माध्यम से जान भारत रंग में शामिल होंगे। इसके अलावा कल एनएसडी के डायरेक्टर श्री चित्तरंजन त्रिपाठी के निर्देशन वाला ह्यसमुद्र मंथनह्ण (कमानी में 7 बजे से) दिखाया जाएगा। साथ ही ह्यअप्पा दीपो भवाह्ण (अभिमंच में 5 बजे से) मंचन किया जाएगा।

# दिल्ली वालों को डरा रहा पोस्ट वायरल कफ और स्वाइन फ्लू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दो सप्ताह से अधिक समय तक यदि खांसी रहे तो इसे टीबी के संदेह से देखा जाने लगता है, लेकिन इन दिनों दिल्ली में पोस्ट वायरल कफ व स्वाइन फ्लू का प्रकोप लोगों परेशान कर रहा है। इसमें वायरल बुखार ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद लोगों में तेज खांसी व हल्का बुखार देखा जा रहा है और खांसी लंबे समय तक चल रही है।

डॉक्टर बताते हैं कि कई लोगों के फेफड़े में गंभीर संक्रमण भी देखा जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम भी बदल रहा है। अगले करीब एक माह तक स्वाइन फ्लू का संक्रमण होने का खतरा अधिक हो सकता है। इसलिए लोगों को सतर्क रहना जरूरी है।

**एक होने पर चपेट में आ रहे परिवार के सभी सदस्य**

शालीमार बाग स्थित फोर्टिस अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. विकास मौर्या ने बताया कि इन दिनों बहुत लोग वायरल बुखार और खांसी से पीड़ित हो रहे हैं। जांच कराने पर बहुत लोग स्वाइन फ्लू से संक्रमित पाए जा रहे हैं। किसी एक को बुखार व खांसी होने पर परिवार परिवार के सभी सदस्य इसकी चपेट में आ रहे हैं।

**ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद दोबारा हल्का बुखार**

यह देखा जा रहा है कि बुखार ठीक होने के चार-पांच दिनों बाद दोबारा हल्का बुखार और तेज सूखी खांसी हो रही है। इससे कई मरीज गंभीर रूप से भी बीमार हो रहे हैं। बुजुर्ग, अस्थमा, सीओपीडी (क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) सहित विभिन्न पुराने रोगों से पीड़ित मरीजों में बीमारी अधिक गंभीर देखी जा रही है।

**ज्यादातर स्वाइन फ्लू से पीड़ित**

फेफड़े में संक्रमण व निमोनिया के कारण कई मरीजों को आइसीयू में भी भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। सीटी स्कैन जांच में फेफड़े में कोरोना जैसे पैचेज दिखते हैं, लेकिन कोरोना नहीं होता। जांच कराने पर ऐसे लोगों में ज्यादातर स्वाइन फ्लू से पीड़ित पाए जा रहे हैं।

स्वाइन फ्लू के इलाज के लिए कारगर एंटीवायरल दवा मौजूद होने से मरीज जल्दी ठीक भी हो रहे हैं। गंगाराम अस्पताल के चेस्ट मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ. बाबी भालोत्रा ने बताया कि पोस्ट वायरल कफ के कारण लोगों को लंबे समय तक दवा लेने की जरूरत पड़ रही है।

पोस्ट वायरल कफ और स्वाइन फ्लू के संक्रमण के मद्देनजर जरूरी है कि यदि किसी को खांसी हो परिवार के अन्य सदस्यों को उससे अलग रहना चाहिए। खासतौर पर यदि परिवार में बुजुर्ग व सांस के पुराने मरीज हों तो उनके पास खांसी करने वाले लोगों को नहीं जाना चाहिए।

# नाबालिग सहित दो शातिर गिरफ्तार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करते थे झपटमारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मध्य जिले की पहाड़गंज थाना पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो शातिर झपटमारों (स्नैचरों )को पकड़ा है। आरोपितों से चोरी/छीने गए 26 मोबाइल फोन , एक मोटरसाइकिल और वरदात के समय पहनी हुई जैकेट बदामद कर पांच मामले सुलझा लिए है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि 11 फरवरी को शिकायतकर्ता ने पहाड़गंज थाने में शिकायत कर बताया था कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास दो व्यक्ति से पीछे से मोटरसाइकिल की टक्कर मार मोबाइल फोन छीन फरार हो गए। सीसीटीवी की फुटेज लगा सुराग पुलिस को जांच के दौरान घटना स्थल के सीसीटीवी की फुटेज खंगालने पर छिनैती की घटना की फुटेज में मोटरसाकिल का नंबर पता लग गया। अपराध में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल के नम्बर की जांच में यह सदर बाजार निवासी एक महिला के नाम पंजीकृत मिली। पते पर छापा मार पकड़ कर पूछताछ करने पर सामने आया कि मोटासाइकिल आरोपित नाबालिग की मां के नाम पर पंजीकृत थी। साथी के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस ने आरोपित को पकड़ उसके पास से चोरी के पांच फोन बरामद किए। पूछताछ में आरोपित ने आगे बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। उसकी निशानदेही पर सह-आरोपी मोहम्मद साहिल को सिद्धिपुरा चौक इलाके से पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर सुल्तान पुरी से 21 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्राचार्य ने छात्रों को निलंबन वापसी के बारे में मेल भेज कही ये बातें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के सेंट स्टीफंस कॉलेज में 129 छात्रों के निलंबन को लेकर प्राचार्य कार्यालय द्वारा किए गए ई-मेल के तूल पकड़ने के बाद अब इसे वापस ले लिया गया है। हालांकि, छात्रों को अब भी अपने अभिभावकों को प्राचार्य से मिलने के लिए कॉलेज लेकर आना होगा। जो छात्र दिल्ली से बाहर के रहने वाले हैं, वो प्राचार्य के सचिव से मिलकर अपने माता-पिता के आने और न आने के बारे में जानकारी देंगे। वहीं मंगलवार शाम को करीब सात बजे, कॉलेज प्राचार्य जॉन वर्गीज की तरफ से छात्रों को 400 से भी ज्यादा शब्दों में ई मेल लिखकर खेद जताया गया। साथ ही उन्हें सुबह की प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।

छात्रों को भेजे गए ई-मेल में प्राचार्य ने लिखा कि, सुबह की प्रार्थना सभा को छात्रों के अपने कॉलेज के अनुभव साझा करने, अपनी उपलब्धियों को बताने और अपने विचारों को साझा करने का अवसर देती है। यह कोई धार्मिक आयोजन नहीं है। कॉलेज के पूर्व छात्र भी इसके बारे में अपने अनुभव बता सकते हैं। यह कॉलेज की परंपरा को जारी रखने का माध्यम भी है। प्रथम वर्ष के छात्रों से प्रार्थना सभा में लगातार शामिल होने की इसलिए उम्मीद की जाती है, ताकि वे कॉलेज के इतिहास, परंपराओं और अनुभवों से परिचित होकर कॉलेज को एक संस्थान बनाने में अपनी भूमिका निभा सकें।

मेल में उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि, सुबह की प्रार्थना सभा के बारे में कॉलेज के प्रॉस्पेक्टस में भी लिखा है। प्राचार्य जॉन वर्गीज ने इस लंबे चौड़े ई-मेल में छात्रों के माता-पिता को भी प्रार्थना सभा का महत्व समझाने की भरपूर कोशिश की है। साथ ही अभिभावकों से अपने कार्यालय में मिलने के लिए अप्वाइंटमेंट लेने के लिए भी कहा है। प्राचार्य ने लिखा कि, मुझे विश्वास है कि अभिभावक भी अपने बच्चे की प्रगति और गतिविधियों के बारे में जानने के प्रति जागरूक रहते होंगे। वे अपने बच्चे के कमजोर पक्ष को भी जानना चाहते हैं। आपके बच्चे के विकास के लिए आप लोगों का सहयोग बहुत आवश्यक है, इसलिए मैं आप सभी से मिलने की प्रक्रिया जारी रख रहा हूं।

# सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई होगी या नहीं? कोर्ट ने फैसला टाला




नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपी और पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत पर ट्रायल कोर्ट सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका लंबित रहने के दौरान सुनवाई कर सकता है कि नहीं? इस पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला टाल दिया है। बुधवार को स्पेशल जज एमके नागपाल ने इस मसले पर अब 2 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। दरअसल, पहले की सुनवाई के दौरान ईडी और सीबीआई ने कहा था कि जमानत याचिका पर एक साथ दो कोर्ट में सुनवाई कैसे हो सकती है? दोनों जांच एजेंसियों ने कहा कि मनीष सिसोदिया की सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका पर फैसले के खिलाफ क्यूरेटिव याचिका लंबित है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट कैसे सुनवाई कर सकता है? सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। 25 नवंबर 2022 को सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर 2022 को पहले चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे। पहली चार्जशीट में कोर्ट ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लिया है, उनमें कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण रामचंद्र पिल्लै, मुत्थू गौतम और समीर महेंद्रू शामिल हैं। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

# फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा पहुंची खाटू श्याम दिल्ली धाम

- एकादशी वाले दिन लाखों भक्तों की भीड़ में बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने उमड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर के भारत नमो धाम में आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है, और सबसे अच्छी बात है कि यहां पर एक साथ लगभग चालीस हजार भक्तगण बैठ सकते हैं। खाटू श्याम दिल्ली धाम की बढ़ती हुई लोकप्रियता और लाखों भक्तों का आगमन मुझे रोक नहीं पाया और मैं भी खाटू जी के दर्शन करने आ गई और यहां आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता के साथ एक अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है। यह कहना था फिल्म अभिनेत्री व पूर्व राज्यसभा की मेंबर जयाप्रदा का, जो अलीपुर रोड स्थित धाम खाटू श्याम दिल्ली धाम में दर्शन करने के लिए मुंबई से खासतौर से आयी। जयाप्रदा ने एकादशी वाले दिन लाखों भक्तों की भीड़ में बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने उमडी भीड़ को देखकर कहा की यहां का बाबा के प्रति विश्वास देखकर मेरी श्रध्दा और भी बढ़ गई है। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी ने जयाप्रदा को खाटू श्याम के दर्शन व पूजा कराई। घनश्याम गुप्ता जावेरी ने जयाप्रदा को मंदिर परिसर के विषय में बताते हुए कहा कि हम हमेशा ही अपने भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा है, बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर इंतजाम किया हुआ है ताकि वो लोग आराम से दर्शन कर सके, और सभी को बाबा का प्रसाद मिले इसकी भी व्यवस्थ की गई है। आज न केवल भारत अपितु पुरे विश्व से लोग बाबा के दर्शन करने यहाँ आ रहे है। जयाप्रदा ने कहा कि यह सच में दुनिया का आठवां अजूबा है। आप लोगो के मेहनत देखते ही बनती है, मैं यहाँ बार बार आना चाहूंगी। इस अवसर पर मंदिर के सभी ट्रस्टी, राष्ट्रीय महासचिव संजीव कुमार मित्तल, रमेश गुप्ता, पवन सिंघल, नेशनल कोषाध्यक्ष मधु गोपाल गोयल, अनिल गुप्ता और नवीन गर्ग, राष्ट्रीय कार्यकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप गोयल शामिल हुए।

# हिंदी भवन में आयोजित हुआ गगन स्वर श्री 2024 सम्मान समारोह



- बाल काव्य संग्रह पूरब पश्चिम उपन्यास पतझड़ में बसंत कहानी संग्रह मुस्काते काव्य संग्रह जीवन का मेला नाटक संग्रह का लोकार्पण भी किया गया।

नई दिल्ली। राजधानी स्थित हिंदी भवन में एक गरिमा पूर्ण जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी में समझ में सामाजिक एवं साहित्यिक पत्रिका और बुक्स पब्लिकेशन गगन स्वर के द्वारा अवधेश कुमार मिश्रा एडवोकेट द्वारा रचित युद्ध पर्व खंडकाव्य एवं अमरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा लिखित 21वीं शादी का भारत आलेख संग्रह चंदा मामा आए हैं बाल काव्य संग्रह पूरब पश्चिम उपन्यास पतझड़ में बसंत कहानी संग्रह मुस्काते काव्य संग्रह जीवन का मेला नाटक संग्रह का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू मुख्य अतिथि थे वहीं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर बी आर मनी महानिदेशक व कुलपति नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट थे जबकि अन्य अतिथियों मैं मुरारी मोहन पांडे संयुक्त निदेशक अभियोजन गाजियाबाद रवि कुमार सहायक आयुक्त पुलिस गाजियाबाद पूनम ओसवाल संयुक्त निदेशक राजभाषा विभाग प्रोफेसर शरद नारायण खरे अवधेश कुमार मिश्रा एडवोकेट प्रधान संपादक डॉक्टर थॉमस मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन सहायक आयुक्त राज्य कर उत्तर प्रदेश श्याम सुंदर पाठक ने बड़े ही सुंदर ढंग से किया। इस अवसर पर गीत संगीत डॉ श्याम सुंदर तिवारी अपर आयुक्त राज्य कर अलीगढ़ जॉन और प्रदीप कुमार सोनी संयुक्त आयुक्त राज्य कर गोरखपुर का रहा श्याम जाजू ने पुस्तकों के विषय में कहां की है अपने में ही सभी पुस्तक बेहतरीन है और गागर में सागर हैं उन्होंने कहा की पुस्तकों के प्रति हमें वातावरण बनाना चाहिए कोशिश होनी चाहिए कि उपहार में हम किसी को पुस्तक दें जिससे वह प्रेरणा ले सके। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली हस्तियों को भी गगन स्वर श्री सम्मान 2024 से शॉल उड़ाकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# दिल्ली में बन रहे इको पार्क का रमेश बिधूड़ी ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के एनटीपीसी की भूमि पर बनाए जा रहे एशिया के तीन बड़े पार्कों में से एक इको पार्क का निर्माण कार्य जारी है। इसका निर्माण इस साल जुलाई-अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। इस पार्क का निर्माण केंद्र सरकार के द्वारा कराया जा रहा है। मंगलवार शाम बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने एनटीपीसी इको पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पार्क का निर्माण तेजी से हो रहा है। लगभग 885 एकड़ में बन रहे पार्क के स्थान पर एनटीपीसी के बदरपुर प्लांट की राख डंप की जाती थी। इससे आसपास के लोगों को परेशानी होती थी। इसी को देखते हुए यहां पार्क का निर्माण किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के सहयोग न देने के कारण, इस प्रोजेक्ट में देरी हुई। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा इसके निर्माण के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है, जिसके चलते कुछ दिक्कत आ रही है। वहीं अन्य कामों में भी राज्य सरकार का सहयोग नहीं मिल रहा है। इन सबके बावजूद, इस पार्क का निर्माण जुलाई-अगस्त तक पूरा किए जाने की पूरी संभावना है। पार्क बन जाने के बाद न सिर्फ क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ होगा, बल्कि यहां पर्यटकों के आने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# गांधी स्मृति में कस्तूरबा गांधी की 80वीं पुण्यतिथि पर सैकड़ों महिलाएं उन्हें श्रद्धांजलि देंगी

नई दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पत्नी और स्वतंत्रता सेनानी कस्तूरबा गांधी की 80वीं पुण्यतिथि पर सैकड़ों महिलाएं तीस जनवरी मार्ग स्तिथ गांधी स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि देंगी। श्रद्धांजलि देने के बाद इन महिलाओं को प्रधानमंत्री संग्रहालय भी दिखाया जाएगा, जहां सभी प्रधानमंत्रियों के इतिहास को डिजिटल तकनीक के जरिए से प्रदर्शित किया गया है। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की आजादी की लड़ाई में कस्तूरबा गांधी के अमूल्य योगदान का एक मार्मिक अनुस्मारक है। गोयल ने कहा कि कस्तूरबा गांधी की स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, महात्मा गांधी के प्रति उनका दृढ़ समर्थन और राष्ट्र के लिए उनका बलिदान और उनका साहस अविस्मरणीय है। गांधी जी अक्सर स्वीकार करते थे कि कस्तूरबा के बिना वे अधूरे हैं। यहां तक कि कस्तूरबा गांधी को भी कई बार गिरफ्तार किया गया और पूना के आगा खान पैलेस में नजरबंदी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गोयल ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा वे अपनी पसंद के प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी भी ले सकते हैं। गोयल ने बताया कि इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर एक सेमिनार भी आयोजित किया जाएगा, जहां विशेषज्ञ अपने दृष्टिकोण साझा करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/नार्दर्न रेलवे, चौथी मंजिल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली—110001 ने अधोविख्यात काम के लिए एक पैकेट प्रणाली के तहत ई—निविदा आमंत्रित करता है:—

| | |
|---|---|
| कार्य और स्थान का नाम | डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंगः शाहदरा और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच पुराने यमुना ब्रिज नंबर 249 के स्थान पर यमुना नदी पर नया पुल। |
| कार्य की पूर्णता अवधि | 12 महीने |
| लगभग काम की लागत | रु. 1,91,65,001.48 |
| बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 2,45,800 |
| ई—निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 20.02.2024 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in को 16:00 बजे निविदाएं अपलोड की जा सकती हैं। निविदादाता ई—निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 14.03.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई—निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 29.02.2024 से 14.03.2024 उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

No. 336-Dy.CEE/C/NDLS/2023-24/R-1 Dated: 20.02.2024 555/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 12.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

**क्रम सं.:** ए

**कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशन गंज-I में छत की भारी मरम्मत, दीवार का प्लास्टर, खराब दरवाजों, खिड़कियों को बदलना और बिजली के काम सहित डीकेजेड में पुराने टीए कार्यालय में रिकॉर्ड रूम को स्थानांतरित करने के संबंध में अन्य संबंधित कार्य हेतु।

**अनुमानित लागतः** रुपये 84,64,244.45

**धरोहर राशिः** रुपये 1,69,300.00

**समापन अवधिः** 04 माह

1. निविदा दिनांकः 12.03.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

संख्याः 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/23-24/डब्लयू-ई/टेंडर नंः 49 दिनांकः 16.02.2024 556/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लोकसभा चुनाव से पहले फेज-4 के तीन कॉरिडोर को लेकर बढ़ी हलचल, मेट्रो चलने से हजारों लोगों के मिलेगा फायदा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक होने से फेज चार के लंबित तीन कॉरिडोर को लेकर सत्ता के गलियारे में हलचल बढ़ती दिख रही है। चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले यदि फेज चार की लंबित परियोजनाओं को यदि सरकार की हरी झंडी मिल भी जाए तब भी इन परियोजनाओं का वर्ष 2029 से पहले काम पूरा हो पाना मुश्किल है।

**छह मेट्रो कॉरिडोर का होना है निर्माण**

ऐसे में फेज चार की मेट्रो परियोजनाएं मास्टर प्लान के निर्धारित लक्ष्य से आठ से नौ वर्ष देर हो चुकी हैं। इससे राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर वाहनों को नियंत्रित और जल्दी प्रदूषण कम करने के योजना को भी धक्का पहुंचा है। फेज चार के तहत छह मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण होना है।

मास्टर प्लान के अनुसार वर्ष 2021 तक फेज चार की योजनाएं पूरी हो जानी चाहिए थी और मेट्रो का नेटवर्क 413 किलोमीटर से अधिक हो जाना चाहिए था। मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 349.88 किलोमीटर है, जिसमें एनसीआर के शहरों का हिस्सा भी शामिल है।

**हीलाहवाली की शिकार रही परियोजना**

फेज चार की मेट्रो परियोजनाएं शुरूआती दौर से ही हीलाहवाली की शिकार रहीं। करीब दो वर्ष के विलंब से दिसंबर 2018 में फेज चार में करीब 46,000 करोड़ की लागत से छह कॉरिडोर के निर्माण की योजना को मंजूरी देकर केंद्र सरकार के पास फाइल भेजी गई थी।

केंद्र सरकार ने पिछले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले फेज चार के प्रमुखता वाले तीन कॉरिडोर स्वीकृति दी थी। इन कॉरिडोर का दिसंबर 2019 से चरणबद्ध तरीके से निर्माण शुरू हुआ, लेकिन ढाई माह बाद ही शुरू हुए कोरोना के संक्रमण और फिर पेड़ हटाने के लिए स्वीकृति मिलने में देरी तो कहीं जमीन की अड़चन से निर्माण कार्य में विलंब हुआ।

स्थिति यह है कि तीन कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू हुए चार वर्ष से अधिक समय हो चुके हैं, लेकिन अभी तक 40 से 45 प्रतिशत ही काम हो पाया है।

**कब तक पूरा होगा काम?**

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार तीनों कॉरिडोर वर्ष 2026 तक बनकर पूरी तरह तैयार होंगे। दूसरी ओर 47.21 किलोमीटर नेटवर्क के तीन मेट्रो कॉरिडोर की योजना को अभी स्वीकृति मिलने का इंतजार है। जिसमें इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ, रिठाला-नरेला और लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर शामिल है।

**वीकृति मिलने में देरी की कई चुनौतियां...**

इन तीनों कॉरिडोर को अगले कुछ दिनों में या चुनाव के बाद स्वीकृति मिल जाए तो अगले वर्ष से पहले काम शुरू नहीं हो पाएगा। क्योंकि टेंडर प्रक्रिया और कॉरिडोर के प्रस्तावित जगह पर निर्माण की तैयारी करने में भी वक्त लगता है। इसके अलावा जमीन और पेड हटाने की स्वीकृति मिलने में देरी की कई चुनौतियां भी सामने आती हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि वर्ष 2025 में यदि लंबित परियोजनाओं पर काम शुरू भी हो जाए तो बनने में चार-पांच वर्ष समय लगना तय है। ऐसे में फेज चार की योजना अपने निर्धारित समय से काफी देर हो चुकी हैं।

मेट्रो से जुड़ी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि फेज चार के निमार्णाधीन तीन कॉरिडोर भी मास्टर प्लान में निर्धारित समय पर तैयार होते तो वर्ष 2021 तक तीनों कॉरिडोर की मेट्रो में प्रतिदिन करीब पांच लाख 22 हजार यात्री दस लाख से अधिक यात्राएं करते, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

# पांच लाख बुजुर्गों के पेंशन के फार्म किए जाएं स्वीकारः बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज विधानसभा में दिल्ली के बुजुर्गों के पेंशन के नए आवेदन स्वीकार न करने पर केजरीवाल सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि हर साल हर विधानसभा क्षेत्र से एक हजार नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे लेकिन 2018 से नए आवेदनों की स्वीकृति को रोक लिया गया है। इस प्रकार सात सालों से दिल्ली के करीब पांच लाख बुजुर्गों के आवेदन पैंडिंग पड़े हैं। इस बैकलॉग को तुरंत समाप्त करके दिल्ली के बुजुर्गों को राहत दी जाए। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों, पुनर्वास कालोनियों, झुग्गी बस्तियों और गांवों में लाखों बुजुर्ग ऐसे हैं जिनकी आय का कोई साधन नहीं हैं और वे निराश्रित हैं। उनके लिए पेट भरने का सवाल तो है ही, बढ़ती उम्र में अनेक बीमारियां भी घेर लेती हैं। ऐसी स्थिति में डाक्टरों की फीस से लेकर दवाइयों का खर्चा भी उनके लिए भारी पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में उनके लिए वृद्धावस्था पेंशन ही एकमात्र सहारा रह जाता है लेकिन दिल्ली सरकार ने बड़ी ही निर्ममता से 2018 से नए आवेदनों को मंजूर करना बंद कर दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि बुजुर्ग पेंशन के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। वे कभी विधायकों के आफिस में जाते हैं तो कभी सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कहीं से उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता। हर बार यही सुनने को मिलता है कि अभी पेंशन के फार्म नहीं आए। बुजुर्ग मन मसोसकर और मजबूर होकर बैठ जाते हैं। बिधूड़ी ने कहा कि सरकार को इन बुजुर्गों पर दया करते हुए तुरंत बुजुर्गों की पेंशन शुरू करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्यमंत्री के वादे के अनुसार पिछले सात सालों से पैंडिंग पड़े मामलों को तुरंत निपटाया जाए और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सात सालों के सात-सात हजार आवेदन स्वीकार किए जाएं। इस प्रकार करीब पांच लाख बुजुर्गों को पेंशन देने की व्यवस्था की जाए।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई—प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 82240372 दिनांक 19.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली—110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई—निविदा आमंत्रित की जाती है :—

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240372 | टैब/कैप उर्सोडॉक्सिकोलिक एसिड 300 मिलीग्राम | 7,19,000 | 20.03.2024 |

निविदा शर्ते—1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

544/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

ई—टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई—प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन मुरादाबाद (2 नग एमयूवी) के अधिकार क्षेत्र के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर पुल पोषण मुरादाबाद और बरेली के कार्यालय में पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों और टीएंडपी की गतिशीलता के लिए वाहन का प्रावधान, अवधि – (2 एमयूवी) x 36 महीने). |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 4225768 |
| 3 | अग्रिम धन | लागु नही |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (03) तीन वर्ष |
| 5 | निविदा जमा करने व खुलने की दिनांक | 04.03.2024 |
| 6 | वेबसाइट का विवरण जहां उपरोक्त निविदा व्याख्या उपलब्ध है | उपरोक्त निविदा प्रपत्र GeM की साइट www.GeM.gov.in पर उपलब्ध है। |

निविदा बोली संख्या GEM/2024/B/4653680 दिनांकः 17.02.2024

541/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, गुरूवार, 22 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के सत्ता में आते ही महादलितों पर जुल्म शुरू : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने कहा कि बिहार में भाजपा का सत्ता में आते ही महादलितों पर जुल्म शुरू हो गया है। खगड़िया जिले के अलौली अंचल अंतर्गत सनमनखी गांव में 33 महादलित परिवार को उजाड़ दिया गया जबकि सभी को वासगीत का पर्चा मिला हुआ था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री से उजाड़े गए सभी परिवारों को तत्काल मुआवजा, पांच डिसिमिल भूमि और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ग्रामीण के तहत आवास मुहैया कराने की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महादलित परिवार को बड़े भूस्वामी के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा घर उजाड़ कर बेदखल कर दिया गया एवं उक्त जमीन पर बड़े भूस्वामी के द्वारा मिट्टी भराई एवं जमीन की घेराबंदी का काम शुरू करबा दी। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह विधायक का सूर्यकांत पासवान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य का प्रभाशंकर सिंह, खगड़िया के जिला मंत्री का प्रभाकर प्रसाद सिंह, एवं सहायक जिला मंत्री का पुनीत मुखिया घटनास्थल पर पहुंचकर महादलित पचाधारियों से मिलकर घटना की जानकारी ली। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में फिर से भाजपा का सरकार में शामिल होते ही खासकर महादलित एवं गरीब परिवारों पर जुल्म बढ़ गया है। पुलिस की जिम्मेवारी थी कि पर्चा मिली जमीन पर बसे पचाधारियों को संरक्षण देना लेकिन इसके उल्टे वह तो बड़े भूस्वामी के साथ खड़ी होकर उजाड़ने के काम में लग गयी।

### पोस्टमार्टम के बाद शव सिरसी पहुंचते ही मचा कोहराम

विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महथी दक्षिण पंचायत के वार्ड 02 सिरसी में श्रवण दास के 23 वर्षीय पुत्र मृतक हेमंत कुमार का शव पोस्टमार्टम के बाद पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक की माता हीरामणि देवी, पत्नी मंचन देवी रो रो कर बेसुध हो रही थी। बता दें कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी दक्षिण वार्ड 02 सिरसी निवासी श्रवण दास के पुत्र हेमंत कुमार सोमवार को चकमहिषी अपने ससुराल जा रहा था। तभी मुक्तापुर कोल्ड स्टोरेज के निकट ट्रैक्टर व बाईक में टक्कर हो गई। जिसमें हेमंत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक वाहन के साथ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। पोस्टमार्टम के बाद देर रात मृतक का शव को घर लाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया भोला शंकर दास, सरपंच हरे राम दास, राजद के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव आदि गणमान्य लोग मृतक के परिजनो को सांत्वना देते हुए अंतिम संस्कार के लिए भेजा।

# मैथिली में संविधान बनने से आम जन मानस को मैथिली कर्तव्य का बौध होगा सरल : कुलपति

● दस दिवसीय भारतीय संविधान मैथिली अनुवाद कार्यशाला का समारोह पूर्वक हुआ समापन

प्रात : किरण, संवाददाता



सहरसा। राष्ट्रीय अनुवाद मिशन भारतीय भाषा संस्थान मैसूर एवं ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सहरसाके संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान के मैथिली अनुवाद पूर्वनिरिक्षन निमित दस दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह का उद्घघाटन मुख्य अतिथि भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ बिमलेन्दू शेखर झा विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मिहिर कुमार ठाकुर विश्वविद्यालय छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन एवं राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के वरीय रिसोर्स पर्सन डॉ शंभु कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समापन समारोह के सभी आगत अतिथियों को मिथिला की संस्कति के अनुरूप पारम्परिक अंग वस्त्र, पाग एवं पुष्प गुछ भेट कर महाविद्यालय परिवार की ओर से समानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने अपने संबोधन में भारतीय भाषा मिशन संस्थान मैसूर एवं ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य हेतु हमे आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मैथिली में संविधान बनने से आम जनमानस को मौलिक कर्तव्य का बौध सरलहो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भारतीय संविधान हमारी मातृ भाषा मैथिली में जब हम लोगों के बीच होगा तब आम मिथिला भाषी खास करके वैसी महिलाए जिन्हें अपने कर्तव्य एवं अधिकार का बौध कम है वे सरलता पूर्वक संविधान को समझ पायेंगे। साथ ही उन्होंन कहा कि हम सभी को सार्वजनिक स्थलों पर मैथिली मैं बात चीत करनी चाहिए जो कि गर्व का विषय है ना कि अपमान का.कुलपति ने कहा ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज व भारतीय भाषा संस्थान द्वारा भविष्य में यदि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव दिया जाता है तो उसे विश्वविद्यालय स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी। दस दिवसीय अनुवाद कार्यशाला के कोडिनेटर सह विशेषज्ञ व ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने अपने स्वागत भाषण में भारतीय भाषा संस्थान मैसूर एवं अनुवाद मिशन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि विश्व मातृ भाषा दिवस के दिन हमारी मातृ भाषा मैथिली में भारतीय संविधान के अनुवाद निमित कार्यशाला का समापन हो रहा है.उन्होंन कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य हेतु शिक्षाशास्त्र की धरा ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का चुनाव सम्पूर्ण महाविद्यालय सहित कोशी वासियों हेतू गौरव मई रहा जिसका हम सभी साक्षी रहें.विषय प्रवेश कराते हुए डॉ शंभु कुमार सिंह ने कहा राष्ट्रीय अनुवाद मिशन वर्ष 2008 से संविधान के अष्टम अनुसूची में सामिल बाईस भारतीय भाषाओं को ज्ञान पाठ पुस्तक के अनुवाद हेतु कृतसंकल्पित है। कहा बाईस भाषाओं में एक भाषा मैथिली भी सामिल है और भारतीय संविधान का मैथिली अनुवाद पूर्व निरिक्षण कार्यशाला का हम सभी एक साथ साक्षी बने है। ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित समापन समारोह को भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मिहिर कुमार ठाकुर, विश्वविद्यालय छात्र कल्याण अध्यक्ष नवीन कुमार कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन डॉ नरेन्द्र नाथ झा,डॉ शिशिर कुमार मिश्र, डॉ संजय कुमार चौधरी, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ सतीश कुमार दास, डॉ बलवीर कुमार झा, अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने संबोधित करते हुए भारतीय संविधान के मैथिली अनुवाद पर अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम के आगत अतिथियों का पंडित मोहन ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत गीत व नृत्य के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया।

# किसानों को मतदान के प्रति किया जागरूक




प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुराः कृषि विभाग की ओर से बुधवार को किसानों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में ई किसान भवन सिंहेश्वर में बकरी पालन का प्रशिक्षण ले रहे किसानों को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें। वोट डालना राज्य और देश के हित के लिए बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर कृषि विभाग के जिला कृषि समन्वयक सोहन सिंह ने मतदान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा किसानों के साथ की। उन्होंने कहा कि किसानों को भी मतदान के प्रति विशेष जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहे किसान के साथ कृषि विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# बच्चों को फाइलेरिया मुक्त रखना हमारी प्राथमिकता: भीबीडिओ




प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। फाइलेरिया उन्मुलन हेतु जिले के 2 वर्ष से कम, गंभीर बीमारों एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़ कर शेष सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने के लिए सरकार द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की समुचित खुराक खिलायी जा रही है। फाइलेरिया यानि हाथि पांव जैसी लाइलाज बीमारी से आने वाली पीढ़ी को बचाये रखना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में है। जवाहर नवोदय विद्यालय में कैम्प लागाकर खिलाई गई दवा जिला वेक्टर नियंत्रण पदाधिकारी डा0 रविन्द्र कुमार ने बताया जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा की एक निश्चत खुराक का सेवन कराया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए अभियान प्रारंभ करने से पूर्व ही तैयारी की जा चुकी थी, जिसके तहत वैसे स्थान जहाँ अधिक से अधिक योग्य लाभार्थी मिल पायेंगे वहां कैम्प आयोजित कर दवा का सेवन कराया जाएगा। इसी के तहत आज जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षारत विद्यार्थियों को फाइलेरिया मुक्त रखने के लिए कैम्प आयोजित कर दवा खिलाई गई। 480 बच्चे सहित 70 कर्मियों को खिलाई गई दवा- सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधें से कंधा मिलाकर कार्य रही पिरामल स्वास्थ्य की टीम लीडर नसरीन ने बताया जवाहर नवोदय विद्यालय में कैम्प आयोजित कर पहले बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के कारणों एवं इससे बचाव की जानकारी दी गई एवं फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें दवा सेवन करायी गई। इसके साथ ही वहां कार्य कर रहे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करायी गई। नहीं आये किसी भी तरह के विपरीत परिणाम जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा0 रविन्द्र कुमार ने बताया जिले में संचालित एमडीए अभियान के दौरान अभी तक कहीं से भी विपरीत परिणाम नहीं मिले हैं।

# राजद की बैठक में तेजस्वी यादव के कार्यकर्म को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय

प्रात : किरण, संवाददाता



हाजीपुर । राष्ट्रीय जनता दल वैशाली के कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल हाजीपुर विधानसभा के कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन हाजीपुर के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राय की अध्यक्षता एवं हाजीपुर के नगर अध्यक्ष सुभाष कुमार राय के संचालन में की गई । इस बैठक में आगामी 25 फरवरी को वैशाली जिला अंतर्गत महुआ के गांधी मैदान में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष विधानसभा श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के जन विश्वास यात्रा को सफल बनाने के लिए हाजीपुर विधानसभा से हजारों हजार की संख्या में हाजीपुर के पूर्व प्रत्याशी श्री देव कुमार चौरसिया के नेतृत्व में चलने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए हाजीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ने सभी कार्यताओं को आशवस्त किया किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी और जन विश्वास यात्रा वैशाली जिले में ऐतिहासिक होगा ।इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद विष्णु देव राय ने भी अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि केंद्र की और राज्य की वर्तमान सरकार जिस तरह से राज्य में अस्थिरता का दौर कायम की है उसके जवाब में बिहार में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जनता के अदालत में आशीर्वाद लेने आ रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद राजद के सदस्य रवि कुमार चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा की महागठबंधन की सरकार जो 17 महीने चली और जितना काम और बेरोजगारों को नौकरी इन 17 महीना में श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के चलते मिली उतना पिछले 17 साल में एनडीए और नीतीश कुमार मिलकर भी नहीं दे । प्रदेश महासचिव अनिल चंद्र कुशवाहा, अनुसूचित जाति पर पोस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष बालेंद्र दास, राजेश शर्मा, संतोष चौधरी, युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रंजीत कुमार यादव ,महिला राष्ट्रीय जनता दल की जिला अध्यक्ष सुचित्रा चौधरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लखींद्र दास ,बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव चौधरी,आदि लोगों ने अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए 25 फरवरी को आयोजित विशाल जनसभा को सफल बनाने का संकल्प लिया ।

# भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर ।भारत स्काउट एवं गाइड ,वैशाली द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर हाजीपुर शहर के संत जॉन्स एकेडमी के सभागार में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में 250 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। प्लास्टिक वॉरियर्स, बिहार की ओर से ह्लहमारी पृथ्वी और प्लास्टिकह्व विषय पर विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित स्काउट गाइड ने अपने चित्रकला के माध्यम से आम जनों को सिंगल युज प्लास्टिक से होने वालें नुकसानों के बारे में अवगत कराया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा आयोजित टाइड टर्नर प्लास्टिक चुनौती बिहार के ब्रांड एंबेसडर सह जिला संगठन आयुक्त ( स्काउट ) ऋतुराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महासागरों में वायुमंडलीय प्लास्टिक प्रदूषण संकट भी पृथ्वी के लिए एक महत्वपूर्ण और बड़ा खतरा है। आप सभी बच्चे प्लास्टिक योद्धा के रूप में प्लास्टिक कचरे को कम करने का सबसे सरल तरीका अनावश्यक और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से बचना है, उन व्यवसायों का समर्थन करना है जो प्लास्टिक कचरे को कम कर रहे हैं और मौजूदा प्लास्टिक का पुनः उपयोग कर रहे हैं। डिस्पोजेबल प्लास्टिक कटलरी, प्लास्टिक स्ट्रॉ और अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक को ना कहें। ऐसे प्लास्टिक से बचें जिन्हें अन्य विकल्प मौजूद होने पर पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। वही विद्यालय के निर्देशिका मारिया जोस ने कहा की माने तो पृथ्वी को सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक से हो रहा है। सभी प्रतिभागी को चित्रकला बनाने हेतु संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम टाइड टर्नर प्लास्टिक चुनौती द्वारा प्रमाण पत्र एवं बैच प्रदान किया गया।

# सहकारिता के बिना किसानों का नही हो सकता विकास:बिनोद




प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। सहकारिता के बिना किसानों का विकास नहीं हो सकता । कृभको के मुख्य राज्य प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने यह बात कही। लालगंज प्रखंड के पंचदमिया गांव में आयोजित फसल विचार संगोष्ठी में राज्य प्रबंधक ने कहा कि किसान कृभको से जानकारी लेकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक डॉक्टर वेद नारायण सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक श्रीप्रिया दास, आत्मा के लालगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार किसानों की समृद्धि के लिए कई योजनाएं चला रही है। कृषि पदाधिकारी ने किसानों के बीच बीज वितरण और किसानों को मिलने वाले अनुदान की पूरी जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ श्रीप्रिया दास ने जैविक खेती और उन्नत खेती की जानकारी दी। विशेषज्ञ ने कहा कि जैविक खेती से ही आने वाले समय में पर्यावरण और मानव सेहत को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जागृति कला केन्द्र के सचिव डॉक्टर अभयनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती आवश्यक है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाया जा सकता है। साथ ही किसानों के समय, जल और पूंजी दोनों की बचत होगी। उन्होंने संस्थान के कार्यों की जानकारी देते हुए कि रेशम कीट पालन और धागा उत्पादन के साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में दो सौ किसानों और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस अवसर पर कृभकों के क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार, आत्मा के सहायक परियोजना निदेशक सियाराम साहु, महेन्द्र नाथ सिंह विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नाथ सिंह, ममता सिंह, प्रिया सिंह, ललित कुमार, वरुण कुमार, महिला किसान संगीता देवी, अनिता देवी, मालती देवी, अंजली देवी, समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

### नहीं रहे शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन

वैशाली। प्रखंड के मझौली निवासी शिक्षाविद् आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन का निधन मंगलवार को उनके पैतृक निवास मझौली में हृदय गति रुकने से हो गया। वे 76 वर्ष के थे। चार दशक से शिक्षा के अलख जगाने वालों में अपनी अलग पहचान बनाने बाले आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन ने अपनी सेवा की शुरूआत उच्च विद्यालय श्री भुवनेश्वर नाथ पौनी हसनपुर विद्यालय से शुरू कर कई उच्च विद्यालयों में संस्कृत एवं हिन्दी की शिक्षा छात्र-छात्राओं को देकर अपनी ख्याति प्राप्त की थी। वे सेवानिवृत्त होने के बाद भी गांव में निश्शुल्क सेवा दे रहे थे। उनकी मृत्यु की खबर सुन उनके अंतिम दर्शन के लिए शिक्षाविदों, समाजसेवियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं जुटे एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की इस संकट की घड़ी में परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे।

# मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषयक पर हुआ व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मंगलवार को मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, बी. आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि संपूर्ण दर्शन मानव अस्तित्व के इर्द-गिर्द घूमता है। मानव ही दर्शन के केंद्र में है। लेकिन दुख की बात यह है कि हम विश्लेषण के क्षेत्र में तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मानवता पीछे छूटती जा रही है। उन्होंने कहा कि तर्कशास्त्रियों ने मानव को एक बौद्धिक प्राणी कहा है। लेकिन वास्तव में मानव एक संवेदनशील प्राणी है। मानव की मुख्य विशेषता बौद्धिकता नहीं, बल्कि संवेदनशील है। मानव जीवन तर्क से नहीं, बल्कि संवेदना से चलता है। मानव संवेदना के कारण ही मानव है। उन्होंने कहा कि सच्ची मानवता हमें स्वार्थ से परार्थ की ओर ले जाती है। यही कारण है कि मानव न केवल अपने वरन् पशु-पक्षी आदि मानवेतर प्राणियों तथा प्रकृति-पर्यावरण आदि की भी चिंता करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में मानव का एक विशिष्ट स्थान है। मानव पशु एवं देवता दोनों के बीच में है। मानव जीवन में संवेदना नहीं हो, तो मानव पशु हो जाता है और यदि संवेदना या करूणा बढ़ती है, तो मानव देवत्व को प्राप्त कर लेता है। उन्होंने कहा कि आज बाजारवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसके कारण हम अपने परिवार एवं पड़ोस से भी दूर हो गए हैं। व्याख्यान के उद्घाटनकर्ता पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि मानव जीवन में आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों पक्षों का महत्व है। हमें जीवन के दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर निष्काम कर्म करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक ने कहा कि मानव का सबसे बड़ा गुण चिंतन-मनन है। चूंकि सभी मनुष्य चिंतन-मनन कर सकते हैं, इसलिए सभी मनुष्य दार्शनिक होते हैं। उन्होंने कहा कि मानव का सबसे बड़ा गुण है कि वह अपनी स्थिति से संतुष्ट नहीं रह सकता है। मानव मानव चिंतन-मनन करके अपनी स्थिति में परिवर्तन ला सकता है। मानव स्वयं अपने भाग्य का निमार्ता होता है। विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि विज्ञान एवं दर्शन दोनों मानव अस्तित्व का अध्ययन करता है। लेकिन दोनों की विधि अलग-अलग है। सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा ने कहा कि मानव जीवन कर्म प्रधान है। हम अच्छा कर्म करके ही अपने लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन को सफल बना सकते हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. सी. पी. सिंह ने कहा कि मानव ही पृथ्वी की सबसे बड़ी खूबसूरती है। मानव है, तो सब कुछ है। मानव विहिन पृथ्वी का कोई मूल्य नहीं है। ईश्वर भी दुनिया में धर्म की स्थापना हेतु मानव रूप धारण करते हैं। पीजी सेंटर, सहरसा के डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप ने कहा कि साहित्य में मानव अस्तित्व की काफी चर्चा की गई है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग में लगातार कार्यक्रमों कि आयोजन किया जा रहा है और नियमित रूप से कक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे विभिन्न कार्यक्रमों एवं कक्षाओं में नियमित रूप से अपनी उपस्थित सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी शक्ति सागर ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मो. साहिद, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मो. एहसान, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. संजय परमार, खुशबू कुमारी, कुंदन कुमार, अबरार आलम, शक्ति सागर, अजय कुमार, डॉ. माधव कुमार आदि उपस्थित थे।

# जन भारत रंग कार्यक्रम के तहत नाटक का हुआ मंचन

प्रात : किरण संवाददाता



पटनाः राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव की 25 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जन भारत रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 21 फरवरी को शाम 4 बजे रंग गुरुकुल के द्वारा नुक्कड़ नाटक ह्लो आई वापस सोने की चिड़ियाह्व की प्रस्तुति गांधी मैदान , पटना में की गई। रंग गुरूकुल (रंगमंडल)भी जन भारत रंग कार्यक्रम में आज शाम 4:00 बजे गांधी मैदान, पटना में किया गया ।इस नाटक को ऑनलाइन यू ट्यूब एवम् फेस बुक पेज पर लाईव दिखाया गया । नाटक मूलतः हमारे नाट्यशास्त्र पे आधारित है जिसमे वशुधेव कुटुम्बकम के बारे में बताया गया कि नाटक में कौन कौन सी कलायें होती है और हमारे भारत में एक ऋषि होते थे भरतमुनि जिन्होंने नाट्येकला कला के बारे में लिखा और हमड़े देश में संस्कार , सभ्यता, संस्कृति, कला आदि लिखा गया । जिसकी वजह से लोगो को ज्ञान मिलता है , खुशी मिलती है , हर्ष मिलता है । समाज में नाटक का योगदान रहा और रहेगा । इस नाटक में ऋ20 के बारे में भी बताया गया जिस्म वन अर्थ , वन फैमिली जो की हजारो साल पहले महा उपनिषद में कहा गया था वशुधेव कुटुम्बकम यानी की वन अर्थ , वन फैमिली ।
इस नाटक के जरिए लोगो को जागरूक किया गया है ताकि लोग अपनी सभ्यता अपनों सांस्कृति को ना भूले और इसे जान कर अपने आने वाली पीढ़ी को भी जागरूक करे और अपने समाज और अपने देश को एक विकसित भारत और आत्मनिर्भर बन कर हम पूरे देश में विश्वगुरु बन कर अपनी पहचान बनाये । रंग गुरुकुल संस्था ने इसे बखूबी इस नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया और समाज और देश की सभ्यता को नाटक के माध्यम से दिखाने में सफल रहा । और रंग गुरुकुल के सभी कलाकारों ने भी अपनी भूमिका और अपनी आंगिक वाचिक से लोगो को काफी मनोरंजन किया ।

### माई-बाप के बाद भाई-बहन पार्टी बनेगी आरजेडी : जदयू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि इतने दिनों से झूठ की दुकान बने राजद के युवराज ने आखिरकार स्वीकार ही लिया कि राजद कार्यकताओं की नहीं बल्कि उनके माई-बाप की पार्टी है और अब उनके नेतृत्व में यह भाई-बहन पार्टी बनने की राह पर बढ़ चली है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने राजद को ए टू जेड की पार्टी भी बताया है। इससे राजद कार्यकताओं को अधिक खुश नहीं होना चाहिए। इसका मतलब साफ है कि भाई-बहन के बाद उनके परिवार के ए टू जेड सदस्य यानी भाई-भतीजे समेत तमाम रिश्तेदार ही राजद के नेता माने जायेंगे। उनका तात्पर्य है कि बिहार का जो व्यक्ति उनके खानदान की पालकी ढ़ोने को तैयार है वही उनका कार्यकर्ता बने। अपना राजनीतिक भविष्य देखने वालों के लिए राजद में कोई जगह नहीं है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के लोग वैसे भी राजद की असलियत से परिचित हैं। तेजस्वी चाहे लाख खुद को बहुजन, आधी आबादी और अगड़े-पिछड़ों का समर्थक बताये लेकिन हकीकत में यह उनकी जनता को बरगला कर वोट बटोरने की चुनावी रणनीति भर है। टिकट या महत्वपूर्ण पद बांटते समय इन्हें सिर्फ परिवार याद आता है या जमीन देने वाले आम बिहारीयों व अपने कार्यकताओं का महत्व इनके निगाह में कौड़ी भर भी नहीं है।

# रंगरा ने उदाकिशुनगंज को हराकर विजेता कप पर जमाया कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जनता हाई स्कूल के मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में रंगरा की टीम ने उदाकिशुनगंज टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी का कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर रंगरा टीम के कप्तान शिवम कुमार ने पहली पारी खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 17 ओवर की समाप्ति पर सभी विकेट खोकर 119 रन बनाए। जवाबी पारी में उदाकिशुनगंज टीम के कप्तान चंदन कुमार के नेतृत्व में खेलने ने उतरी टीम ने 17 ओवर 5 गेंद की समाप्ति पर 111 रन पर ही ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब रंगरा टीम के खिलाड़ी अक्षत कुमार और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब रंगरा टीम के ही खिलाड़ी नीतीश गोस्वामी को प्रदान किया गया। विजेता टीम को चंदन सिंह ने कप प्रदान किया। वही उप विजेता टीम को पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सचिन पटवे ने कप प्रदान की। मैच के निर्णायक की भूमिका प्रभात रंजन और प्रीतम कुमार ने निभाया। उद्घोषक की जिम्मेवारी यासिर हमीद और राशिद लतीफ व इमरान इंडियन ने निभाया। बोर्ड स्कोरिंग पिंटू कुमार तथा नीतीश कुमार ने किया।

## सम्पादकीय

## हकीकत का आईना

आईटीआईएफ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां ही लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को महाशक्ति बनाने के सपने में अमेरिका के प्रतिष्ठित थिंक टैंक- थिंक टैंक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन (आटीआईएफ) ने पिन चुभो दिया है। भारत सरकार ने दस बिलियन डॉलर की विशाल रकम इस क्षेत्र में आने वाली कंपनियों को सब्सिडी देने के लिए रखी है। ऐसी शर्तों के साथ विदेशी कंपनियों को चिप फैब्रीकेशन की फैक्टरी लगाने बुलाया जा रहा है, जिसमें दो तिहाई तक आरंभिक निवेश सरकार करेगी, जबकि सारा मुनाफा उन कंपनियों का होगा। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसी फैक्टरियां लगाने के लिए अब तक 18 प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। आईटीआईएफ ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा है कि इन सबके बावजूद भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। इस बीच चिप क्षेत्र में बढ़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अमेरिका, चीन, यूरोप, जापान और ताइवान में अनुसंधान और उत्पादन बड़े पैमाने पर बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटीआईएफ ने आशंका जताई है कि इस घटनाक्रम से भारतीय प्रयासों पर ग्रहण लग सकता है। थिंक टैंक ने कहा है- भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते सरकार अपनी निवेश नीति पर कायम रहे, विनियमन और कारोबार का अनुकूल वातावरण बनाए रखे और अनिश्चिय पैदा करने वाले कदमों से बचे। ये सब बहुत बड़ी शर्तें हैं। इ दरअसल, सेमीकंडक्टर की दुनिया में विशेष पहचान चिप डिजाइनिंग की दिशा में नए आविष्कारों से बनती है। डिजाइन किए चुके चिप के उत्पादन (फैब्रीकेशन) का अपना महत्त्व है, लेकिन इस पर नियंत्रण बौद्धिक संपदा अधिकार रखने वाली कंपनी का रहता है। डिजाइनिंग मेधा और पूंजी सघन क्षेत्र है, जिसके लिए अत्याधुनिक अनुसंधान और अनुकूल बाजार पूर्व शर्त हैं। भारत सरकार के लिए विचारणीय है कि क्या इन क्षेत्रों में देश के अंदर मजबूत जमीन तैयार कर ली गई है? ऐसा किए बिना भारी सब्सिडी देकर कंपनियों को बुलाना फुनगी के जरिए पेड़ लगाने की कोशिश मानी जाएगी। क्या यह संभव है?

## हिट विकेट हो गए कमलनाथ

रमेश सर्राफ धमोरा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है।

कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो।

कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटिया बिठाने में जुट गया है। आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए।

राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं। कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए।

राजनीति के जानकारो का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं। ऐसे कागजी नेताओं को जिन्होने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा उन्हे अग्रीम मोर्चे पर लगा दिया गया है। बिना जनाधार वाले नेता ही जुगाड़ कर राज्यसभा में पहुंच जाते हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के जन आधार वाले नेता दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगे हैं। कांग्रेस आलाकमान को जनाधार वाले नेताओं को आगे लाना होगा तभी पार्टी अपना खोया जनाधार फिर से हासिल कर पाएगी।

## नए युग, नये कालचक्र व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण के खोखले दावे और सुप्रीम हंटर

**सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो ह्यप्रवचनह्ण दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे-ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। आदि आदि जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त प्रवचन देकर ह्यराष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके चाणक्यों को आइना दिखा रहा था।**





निर्मल रानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो प्रवचन दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे-ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ह्यभारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। आदि आदि जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त प्रवचन देकर ह्यराष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके चाणक्यों को आइना दिखा रहा था। गौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद (किरण खेर) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुकाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आये चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आये वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किये गये या कुछ लिखा गया। और बाद में पीठासीन अधिकारी ने निशान लगाये गये उन्हीं आठ मतों को आमान्य करार दे दिया। और 14 पार्षद वाली भाजपा के मेयर को विजयी घोषित कर दिया। जिन आठ वोटों को अमान्य करार दिया गया उसका कारण भी नहीं बताया गया। बीजेपी चंडीगढ़ मेयर चुनाव को इतना अहम समझ रही थी कि पार्टी के एक महासचिव चुनाव से कई दिनों पूर्व से ही इन चुनावों की रणनीति के लिए चंडीगढ़ में ठहरे हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस धांधलीपूर्ण जीत के बाद कहा था कि बीजेपी की चंडीगढ़ यूनिट को मेयर चुनाव जीतने के लिए बधाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में रिकॉर्ड विकास हुआ है।

बहरहाल नए युग की शुरूआत, कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे देशवासियों को आये दिन दिए जा रहे लॉली पॉप के बीच कांग्रेस व आप नेताओं द्वारा प्रिसाइडिंग ऑफि सर पर देशद्रोह करने के आरोप लगाये गये व उसे गिरफ़्तार करने व मुकदमा चलाने की मांग की गयी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद इस प्रकरण में आई माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड की टिप्पणी नए युग की शुरूआत करने व कालचक्र बदलने का दावा करने वालों के लिये सबक लेने वाली हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह लोकतंत्र का मजाक है. जो हुआ, हम उससे हैरान हैं. हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव करवाने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को भी उनकी संदिग्ध कारगुजारियों के लिये कड़ी फटकार लगाई। वीडियो देखने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने पीठासीन अधिकारी के बारे में कहा, ये साफ है कि मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ हुई है. क्या इस तरह से चुनाव करवाए जाते हैं? इस आदमी (पीठासीन अधिकारी ) पर मुकदमा चलना चाहिए। ये कैमरे की ओर क्यों देख रहे हैं और फिर किसी भगोड़े की तरह भाग क्यों रहे हैं? पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। अदालत ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की हत्याऔर मजाक बताया था। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है.उसी समय सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में धांधली मामले में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम को भी नोटिस जारी किया था। इसी बीच गत 19 फरवरी को जिस समय प्रधानमंत्री नए युग की शुरूआत व कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे दावे जनता के समक्ष कर रहे थे उसी समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक बार फिर चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर अहम आदेश दिया गया। अदालत ने चुनाव के पीठासीन अधिकारी रहे अनिल मसीह से कई सख़्त सवाल पूछे। इधर भाजपा ने हॉर्स ट्रेडिंग अंजाम देते हुए इस विवादित मेयर चुनाव के बाद आप के कुछ पार्षदों को अपने पाले में ले कर पुनः मेयर चुनाव की मांग की गयी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए पिछले मतपत्रों की ही गिनती दुबारा किये जाने के निर्देश दिये। इस प्रकार चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर दिया गया। गोया भाजपा की ह्यकुटिल कथित चाणक्य नीति ह्य और उस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व निदेर्शों से यह साफ हो गया कि जिस नए युग की बात की जा रही है, जिसे कालचक्र का परिवर्तन बताया जा रहा है और जिस राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की बातें की जा रही है वह दरअसल लोकतंत्र की हत्याऔर मजाक का काला दौर है। मात्र सत्ता पर काबिज होने के लिये जिसतरह के छल प्रपंच रचे जा रहे हैं वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर है।

## केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिए

**हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे। भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि चुनावी बांड नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, ह्यमतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है।**





कल्याणी शंकर
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

भविष्य में चुनावों में धन के प्रभाव को रोकने के लिए, हमें दान, खर्च सीमा, सार्वजनिक धन और प्रकटीकरण के लिए नियमों की आवश्यकता है। सरकार चुनाव सुधार के विकल्प तलाश रही है। हमारे पास कई रिपोर्टें हैं जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं, इसलिए हमें उन्हें फिर से देखने की जरूरत है। हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे। भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि ह्यचुनावी बांडह्ण नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, ह्यमतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है। ह्य सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है। यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया। न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है? पहले, राजनीतिक दलों को 20, 000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था। हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं। इन बॉन्ड्स की रेंज 1, 000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है। लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं। मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। 2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3, 299.85 करोड़ रुपये थी। इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले। एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है। करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है। करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है। इसमें दावा किया गया है कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता जवाबदेही के बारे में संदेह पैदा करती है। करदाताओं के पैसे का उपयोग बांड मुद्रित करने के लिए किया जाता है, और उनकी बिक्री से एसबीआई के मुनाफे को अनुचित माना जाता है। जनता और विपक्षी दलों को इन दान के स्रोत के बारे में पता होना चाहिए, हालांकि सरकार एसबीआई से दाता विवरण प्राप्त कर सकती है। संसद में, सरकार ने प्रमुख केंद्रीय एजेंसियों और विपक्षी संसद सदस्यों की चेतावनियों की उपेक्षा की और चुनावी बांड योजना शुरू की। बांड विधेयक को धन विधेयक के रूप में पारित किया गया था। इससे पहले, कानून मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया था कि बांड योजना को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन करना चाहिए। चुनाव आयोग और आरबीआई ने भी 2017 योजना के प्रावधानों का विरोध किया, लेकिन सरकार ने भाजपा के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया। चुनाव आयोग ने 2, 858 राजनीतिक दलों को पंजीकृत किया है, लेकिन केवल एक छोटा प्रतिशत, केवल

## लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी। पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्ठा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने ह्यदेश की पीठ में छुरा घोंपा है। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए। कमिश्नर चट्ठा ने यह भी कहा कि वे 1971 वाला दौर फिर नहीं देखना चाहते हैं। गौरतलब है कि 1971 में ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था, क्योंकि तब भी शेख मुजीबुर्ररहमान को चुनाव में जीत हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत सत्ता सौंपना नहीं चाहती थी। इसके बाद जो कुछ हुआ, उस इतिहास से सब वाकिफ हैं। पाकिस्तान का न्यायतंत्र, सैन्य तंत्र और सत्ता पर काबिज होने की इच्छा लिए राजनेता भले इस खूनी इतिहास से कोई सबक न लेना चाहें, लेकिन कमिश्नर चट्ठा ने एक रास्ता उन लोगों को दिखा दिया है, जो ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के रास्ते पर चलना चाहते हैं। यह याद रखना चाहिए कि आजादी के 75-76 बरसों में पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए तरसता रहा है, सैन्य तानाशाही ने वहां लोकतंत्र की जड़ों को बार-बार कुचला और दूरी ओर धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा गया। हालांकि वहां की अवाम इसके बावजूद लोकतंत्र की सत्ता स्थापित करने के लिए जूझती रही, उसने धर्म और सेना की सत्ता के आगे अपने जमीर का समर्पण नहीं किया। दूसरी ओर भारत ने आजादी के साथ ही लोकतंत्र का पौधा रोपा और 7 दशकों में इसे विशाल लहलहाते वृक्ष में तब्दील होते देखा।

## संक्षिप्त खबरें

### सपा के राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र तोमर ने दिया इस्तीफा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी के बाद अब राष्ट्रीय सचिव ठा. योगेंद्र सिंह तोमर ने भी अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। बुधवार को उन्होंने इसका पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेज दिया है। इस पत्र में इन्होंने कहा है कि उन्होंने अब तक की राजनीति पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी के साथ ही की है। अब वह सपा से अलग हो गए, ऐसे में उनके लिए भी पार्टी के साथ रहने का कोई औचित्य नहीं है। पार्टी में अल्पसंख्यकों के साथ ही सामान्य और पिछड़े वर्ग की अनदेखी हो रही है। योगेंद्र सिंह तोमर पश्चिमी यूपी के प्रमुख रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं। अलीगढ़ के साथ ही नोएडा व बंदायूं में इनका कारोबार है।

### उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव संपन्न: मनीष पांडे बने अध्यक्ष, राम दर्शन शर्मा बने मंत्री

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के पडरौना तहसील के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हो गया।. जिसमें अध्यक्ष मनीष पांडे व मंत्री राम दर्शन शर्मा को चुना गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पडरौना तहसील के लेखपाल संघ का चुनाव खड्डा तहसील के मंत्री विश्व कुमार शर्मा, चुनाव अधिकारी उमेश शाही, कप्तानगंज तहसील के मंत्री एवं सहायक मंत्री कप्तानगंज मुकुट बिहारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। काफी गहमागहमी के बीच चुनाव कार्यक्रम संपन्न हुआ घंटों विचार विमर्श के बाद चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें तहसील पडरौना लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनीष पांडे, मंत्री राम दर्शन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अग्निवेश पांडे, उप मंत्री धनंजय पांडे, ऑडिटर मनोज कुमार गौतम और कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता चुने गए। इस मौके पर योगेन्द्र गुप्ता, संदीप कुमार सिंह, योगेन्द्र गुप्ता सहित तहसीलदार सुमित कुमार सिंह ने भी लेखपाल संघ के निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी है।

### सांसद ने वितरित किया 54 ग्राम के भू-स्वामियों को प्रतिकर

भारत सरकार द्वारा संचालित जनपद में बस्ती रिंग रोड परियोजना से प्रभावित 54 ग्राम के भू-स्वामियों को सांसद हरिश द्विवेदी ने प्रतिकर वितरण का भुगतान चेक के माध्यम से कलेक्टेज्ट सभागार में प्रदान किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि रिंग रोड (फोरलेन) परियोजना की कुल लम्बाई 22.150 किमी. तथा परियोजना की लागत रू.1138.72 करोड. है। इस कार्य में योगदान देने वाले किसानों तथा एसएलओ टीम को उन्होने बधाई दिया और कहा कि रिंग रोड बनने से जिले का विकास तेजी से होगा तथा रोजगार का अवसर भी प्राप्त होंगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, एसडीएम गुलाब चन्द्र, आशुतोष तिवारी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी रमेश यादव सहित किसानगण उपस्थित रहें।

### दुर्घटना में फोटोग्राफर युवक की मौत

फिरोजावाद जिले के थाना नारखी क्षेत्र के गांव बछगांव में एक तेज गति से आती डीसीएम की चपेट में आकर गांव के ही एक युवक की दुर्घटना में मौत हो गई। युवक ललित कुमार 23 साल पुत्र बच्चू सिंह गांव में ही फोटोग्राफी की दुकान करता था मंगलवार रात को दुकान बंद करके आ रहा था तभी रास्ता पार करते समय तेज गति से आ रही डीसीएम की चपेट में आ गया और दुर्घटना का शिकार होते ही मौत हो गई। डीसीएम चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस ने बुधवार को शब का पोस्टमार्टम करा कर परिवार जनों को सुपुर्द किया है।

### नहर में अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी

फिरोजाबाद जनपद के थाना एका के गांव जोधपुर के निकट बुधवार की प्रातः ग्रामीणों ने एक युवती का शव नहर में पड़ा देखा तो ग्रामीणों में सनसनी फैल गई मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई सूचना पुलिस को दी पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को नहर से निकलवाया और शव की पहचान कराने का प्रयास किया परंतु शव की पहचान नहीं हो सकी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है पुलिस के अनुसार मृतका पर्पल कलर का पूरी बाह का चौखानेदार ब्लाउज पहने है और उसकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष लगती प्रतीत होती है

# सपा को बड़ा लगा झटका, सपा से नगर पालिका अध्यक्षा भाजपा में शामिल

## लोकसभा चुनाव से पूर्व बढ़ता जा रहा बीजेपी का कुनबा, विपक्षी धरासाई

बस्ती, एजेंसी



लोकसभा चुनाव से पूर्व बीजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं सपा को झटके दर झटके लग रहे हैं। आज बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, महामंत्री अमरपाल मौर्य की उपस्थिति में बस्ती विपक्ष के कई नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली। बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर बस्ती जनपद के चार प्रमुख नेताओ ने नरेन्द्र मोदी और पार्टी कि नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है। बस्ती में सपा को बड़ा झटका लगा जहां कई बार हरैया नगर पंचायत से चेयरमैंन रहे राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सपा से नगर पालिका अध्यक्षा नेहा वर्मा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व सपा नेता अंकुर वर्मा, बसपा से मुण्डेरवा नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह सहित कई सभासद उनके समर्थक औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र नगर अध्यक्ष अलोक पाण्डेय भी मौजूद रहे। इन लोगो के भाजपा में शामिल होने की चर्चा पहले से ही थी, जिस आज विराम लगा है। प्रदेश कार्यालय पर ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी उपमुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या व उपमुख्यमन्त्री बृजेश पाठक ने कार्यकताओं का स्वागत किया। वही बस्ती भाजपाईयो में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तमाम जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा मिठाई बांटी जा रही है। भाजपा कि सदस्यता ग्रहण करने में उमेश प्रजापति सभासद प्रतिनिधि, जीवन चौधरी लारा सभासद प्रतिनिधि, कृष्ण कुमार चौधरी सभासद, दुर्गेश त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बस्ती, अमन श्रीवास्तव यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष, संदीप श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बस्ती, राहुल चौधरी पूर्व जिला सचिव कांग्रेस, अभिषेक श्रीवास्तव, आदर्श पाठक यूथ कांग्रेस बस्ती, विक्रम चौहान यूथ कांग्रेस बस्ती, विकास वर्मा सपा मीडिया प्रभारी अर्जुन कनौजिया, रंजीत चौहान, मोहम्मद जलील, पवन अग्रहरी युवा सपा नेता, पवन वर्मा, रोहन श्रीवास्तव, संतोष भारद्वाज, विवेक श्रीवास्तव, मनप्रीत सिंह हरी, सूरज गुप्ता, सत्येंद्र मिश्रा भी रहे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है, सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आप सभी क्षेत्र के विकास एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। सांसद हरीश द्विवेदी ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व बसपा सपा कांग्रेस को ग्रहण लगने की उम्मीद स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, लोगो के भाजपा शामिल होने से प्रारंभ होना मान लिया जा सकता है। क्योंकि इसके बाद स्थिति और भी नाजुक होती नजर आ रही है। पिछले दिनों अनेक दलों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, इसमें ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी राजनीति के पद पर बैठे हुए कई व्यापारी सामाजिक संगठन के नेताओ ने भाजपा संगठन का दामन थाम चुके है। इसका लोकसभा चुनाव में भरपूर्ण लाभ मिलेगा और 400 पार के नारों के साथ प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पुनः देश कि कमान संभालेंगे। इस मौके पर जगदीप श्रीवास्तव सभासद, परमेश्वर शुक्ला पप्पू सभासद, पूर्व सभासद सचिन शुक्ला, पूर्व सांसद नवीन श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडे सभासद, मोहम्मद इदरीश सभासद, सुभाष श्रीवास्तव सभासद, दिनेश गुप्ता सभासद, मनमोहन श्रीवास्तव काजू मौजूद रहे।

# घर में घुस सिपाही ने की छेड़छाड़, परिजनों ने जमकर धुना, अरेस्ट



प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

गजरौला। शराब के नशे में धुत सिपाही एक घर में घुस गया। आरोप है कि महिला को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर परिजनों ने उसको दबोच लिया और जमकर पिटाई की। परिजनों ने आरोपी सिपाही के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी सिपाही का मेडिकल परीक्षण कराया और उसको हिरासत में ले लिया है।आरोपी जिले के गजरौला कोतवाली में तैनात है। बताया जाता है कि सिपाही रात को शराब पीकर कस्बे के एक मोहल्ले में पहुंचा, यहां एक मकान में घुस गया। महिला को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर परिजन आ गए। उन्होंने सिपाही को पकड़ लिया और जमकर पीटा। हंगामा पर मोहल्ले के लोग भी पहुंच गए। आरोपी सिपाही को मकान में बंद कर लिया।सुबह को पीड़िता के परिजन लोगों के साथ थाने पहुंचे, आरोपी सिपाही नितिन पाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग। थाना पुलिस ने आरोपी सिपाही को अफसरों के आदेश के बाद हिरासत में ले लिया। और उसको मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि आरोपी सिपाही के खिलाफ पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपी के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई भी का जा रही है।बताया जाता है कि आरोपी सिपाही काफी समय से गजरौला थाने में तैनात है। कस्बे के बस्ती मोहल्ले में ही किराये के मकान में रहता था। इसी मोहल्ले में पीड़िता का भी मकान है। कुछ दिन पहले ही मकान मालिक ने उससे कमरा खाली कराया था। बीती रात उसकी ड्यूटी कस्बे में ही थी। ड्यूटी के दौरान ही वह पीड़िता के घर में घुस गया।

# बेसिक कोटा बढ़ाने के लिए चीनी मिल मे ही सप्लाई के गन्ना

## रोगग्रसित हो चुकी 0238 गन्ना प्रजाति, इसकी बुवाई कदापि ना करे किसान: अमोद कुमार शर्मा

प्रात: किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक



हसनपुर। चंदनपुर चीनी मिल द्वारा 12 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 15.95 करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेज दिया गया है। किसान गन्ना चीनी मिल में ही सप्लाई करें, सप्लाई के साथ चीनी मिल से हमेशा के लिए जुड़े और अपनी पैदावार का पूरा मूल्य प्राप्त करते रहे। साथ ही साथ अपना बेसिक कोटा भी मजबूत करें, जो आपको पर्ची प्राप्त करा खाने के साथ आपको गन्ने की खेती को भी लाभकारी और मजबूत बनाएगा। उक्त बात मिल उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने कही। बुधवार को प्रेस नोट जारी करते हुए त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर के उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि किसानों को भी अपना मजबूत बेसिक कोटा बनाने के लिए अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में सप्लाई करने और पैदावार का पूरा मूल्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का कष्ट करें। यह आपकी अपनी चीनी मिल है, चीनी मिल की व्यवस्था और चीनी मिल को साफ ताजा गन्ना सप्लाई करके अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। रोगग्रसित हो चुकी को 0238 गन्ना प्रजाति की बुवाई कदापि ना करें।आगामी बुवाई के लिए बीज की व्यवस्था अभी से कर ले।भारी मात्रा में अच्छे बीज गन्ना की कमी रहेगी। अगर आपके पास नहीं है तो दूसरे किसान के पास बात करके अभी से अच्छा गन्ना बीज रुकवाने का कष्ट करें। अन्यथा दिक्कत हो सकती है। आगामी बुवाई में बीज के भाव उच्च स्तर पर रहने की संभावना है। इसलिए 31 मार्च तक अपनी समस्त बुवाई समाप्त करने का कष्ट करें। कहा कि भूमि शोधन के लिए ट्राइकोडर्मा और बीज शोधन के लिए थायोफिनेट मिथाइल, दोनो बहुत जरूरी दवाएं 50% छूट पर उपलब्ध हैं।

# बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में कलक्ट्रेट मे गरजे सफाई कर्मचारी

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी दर्ज कराने के विरोध में कलक्ट्रेट पर प्र दर्शन कर विरोध जताया। अपनी अन्य मांगों को भी प्रमुखता से उठाया। धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए जल्द सभी मांगों का पूरा किए जाने की वकालत की।बुधवार दोपहर संगठन जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी कलक्ट्रेट पहुंचे और धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मियों की मांगों को पूरा कराते हुए उन्हें ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त रखा जाए। सफाई कर्मचारियों को विभिन्न कार्यालयों एवं विभिन्न स्थानों पर संबद्ध कर शासकीय कार्य लिए जा रहे हैं, ऐसे में कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति का दर्ज हो पाना असंभव है। कहा कि सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाने तक में लगाई जा रही है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों की जान भी जोखिम में बनी रहती है। मौजूद सफाई कर्मचारियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी दर्ज कराए जाने की व्यवस्था पर अपना विरोध जताया। इस दौरान संगठन के जिला मंत्री समरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सनीफ, दीवान सिंह, शीशपाल सिंह, राजीव कुमार, महेश कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, अरविंद कुमार,पुष्पा, सुनीता समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे

# जनपद में 79 केन्द्रों पर होगी यूपी बोर्ड परीक्षा, केन्द्रों पर चस्पा सीप प्लान

प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। जिले के 79 केंद्रों पर आज से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 53383 परीक्षार्थी शामिल रहेंगे। बुधवार को परीक्षा केंद्रों पर सीट प्लान चस्पा कर दिया गया। जिला स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष को भी देखा गया।बुधवार को कक्ष निरीक्षकों के साथ केंद्र व्यवस्थापकों ने बैठक भी की। नकल विहीन परीक्षा के लिए जिले के सभी एसडीएम को तहसीलवार बतौर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली व लखनऊ से भी जिम्मेदार आला अफसर सीधी निगरानी करेंगे। छह सचल दल भी परीक्षा के दौरान जिलेभर के परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे। एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती भी परीक्षा केंद्र पर रहेगी। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मुस्तैद रहेगा। रात में भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए जिला प्रशासन की 11 व माध्यमिक शिक्षा विभाग की सात टीम अलर्ट मोड पर रहेंगी। गौरतलब है कि जिले में हाईस्कूल में 28449 व इंटरमीडिएट में 24934 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत हैं। परीक्षा को सुचारू संपन्न कराने के लिए 3690 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाया गया है। इसमें 2700 शिक्षक माध्यमिक शिक्षा विभाग व 990 शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से शामिल रहेंगे। वहीं राजकीय पुस्तकालय में ऑनलाइन कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां से परीक्षा केंद्रों की प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में कम्प्यूटर लगाकर दो-दो आपरेटर की तैनाती भी की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे सीधा कंट्रोल रूम से जुड़े रहेंगे। वहीं बुधवार को सीटिंग प्लान की जानकारी के लिए काफी संख्या में छात्र-छात्रा परीक्षा केंद्रों पर भी पहुंचे।

# पानी का दोहन पड़ेगा भारी, नगर निगम ने की तैयारी

अलीगढ़,, एजेंसी

पार्षदों की जनहित समस्याओं पर त्वरित कार्यवाई के लिए प्रयासरत नगर आयुक्त अमित आसेरी ने महाप्रबंधक जल अनवर ख्वाजा को दो टूक शब्दों में धुलाई सेंटर, आरओ प्लांट व सबमर्सिबल लगाकर पानी बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने, वाटर मीटर लगाने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने कहा नगरीय क्षेत्र में पेयजल की बबार्दी को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार वॉशिंग आरओ प्लांट और समरसेबल लगाकर पानी बेचने वालों पर जल्द नगर निगम सख्त रुख इख्तियार करेगा। बुधवार को नगर निगम जवाहर भवन में वार्ड सं.1 से वार्ड सं. 45 तक आयोजित पार्षद संवाद बैठक में पार्षदों से मुखातिब होते हुए नगर आयुक्त अमित आसेरी ने पार्षदों को भरोसा दिलाया की विकास कार्यों को जनप्रतिनिधियों की मंशा के अनुरूप पब्लिक की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कराने का प्रयास नगर निगम कर रहा है। बैठक में कई पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुचारू नही होने, धुलाई सेंटर, आरओ प्लांट व समरसेबल लगाकर पानी की बिक्री करने, साफ सफाई पुलिया निर्माण सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति बढ़ाने नाली खड़ंजे की मरम्मत अतिक्रमण हटाने नगर निगम संपत्तियों की निगरानी ईईएसएल कंपनी की कार्यशैली में सुधार, लीकेज और गंदे पानी आने, महाशिवरात्रि से पूर्व पोलो पर लाइट लगाने की समस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया। नगर आयुक्त ने बताया पेयजल आपूर्ति को प्रभावी बनाने के लिए अभी से कार्य योजना बनाने की जरूरत है। अलीगढ़ में निरंतर गिरते पेयजल के स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा अलीगढ़ में ग्राउंड वाटर लेवल नीचे जाना इस बात का प्रमाण है कि हम निरंतर पानी का दोहन कर रहे हैं। आने वाले दिनों में पानी का संकट एक गंभीर समस्या होगी। बैठक मे मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र, दिनेश जादौन, सुनील कुमार, विनीत कुमार, मनोज कुमार, विनोद कुमार, पार्षद प्रतिनिधि समेत उप नगर आयुक्त अमित कुमार मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सहित नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे

# पीएम मोदी की गारण्टी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कामः विनय

कुशीनगर, एजेंसी



उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के छठे दिन आज नगरपालिका परिषद पडरौना के जलकल भवन में शासन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने और नए लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभ पहुंचाने हेतु कैम्प लगाया गया। नगरपालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई । साथ ही कुशीनगर जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा कैम्प लगाकर लाभार्थियों द्वारा आवेदन लिए गए। कार्यक्रम के तहत पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ई बस सेवा, भारतीय जनऔषधि परियोजना, उजाला योजना के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा अन्नप्राशन और गोदभराई परियोजना से सम्बंधित अधिकारी कैम्प में उपस्थित रहे। इस दौरान लाभार्थियों को पालिकाध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र भी बांटे गए। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने अपने सम्बोधन में बताया की पीएम मोदी की गारण्टी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है और आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सका है साथ ही आने वाले समय मे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में विकास किया है। शिक्षा, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, खेल, विज्ञान, कृषि, व्यापार, स्टार्टअप, अंतरिक्ष, चिकित्सा, अनुसन्धान, सांस्कृतिक, पर्यटन के अलावा आधारभूत ढांचे में सुधार ने भारत को आज करीब 4 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया है। लाभार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया नगरपालिका कार्यालय में आने वाले दिनों में लगातार चलने की जानकारी नपाध्यक्ष ने मीडिया के माध्यम से सभी को दी। कार्यक्रम के समापन के पूर्व सभी ने पीएम मोदी के संकल्प विकसित भारत को लेकर शपथ भी ली। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, ईओ सन्तराम सरोज ,पिंटू सिंह, गुडडू जायसवाल, ब्रजेश शर्मा ,अरुण सिंह ,विनय मद्धेशिया ,अजय शर्मा ,आकाश वर्मा, धर्मेंद्र मद्धेशिया ,गौतम गुप्ता ,रोहन विश्वकर्मा ,नीरज मिश्रा ,भारत चौधरी, अशोक गुप्ता, संतोष चौहान ,राजेश जायसवाल ,ललित गुप्ता ,सचिन साहा ,विनय पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तानाशाह बनाम लोकतंत्र होगा लोकसभा चुनाव : ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

बस्ती, एजेंसी

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में बस्ती से 105 कांग्रेसियों ने हिस्सा लिया। मंगलवार को निजी वाहनों और इण्टरसिटी से कांग्रेसियों का जत्था लखनऊ पहुंचा। लखनऊ में के.के. सी. चौराहे से लेकर चारबाग तक राहुल गांधी की एक झलक पाने को उमड़ी भीड़ देखने लायक थी। यात्रा से वापस लौटे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा इलेक्टोरेल बाण्ड, चंडीगढ़ मेयर चुनाव, बिलकिस बानो, एमएसपी, बेरोजगारी, महिलाओं और बच्चियों संग बड़े पैमाने पर हो रहे अत्याचार, सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार सहित तमाम मामलों में मोदी सरकार बैकफुट पर है। साल 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव तानाशाह बनाम लोकतंत्र होगा। जनता को तय करना होगा कि लोकतंत्र जीतेगा या तानाशाह। तानाशाह जीता तो देश में फिर इलेक्शन नही होगे। राहुल गांधी सच के साथ खड़े है और देशभर का भ्रमण कर न्याय की आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होने जीएसटी, इलेक्टोरेल बाण्ड, एमएसपी, बेरोजगारी तथा चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर जो बात कहा था सच साबित हुई। प्रवक्ता मो. रफीक खां ने कहा तानाशाह डर गया है और विपक्ष पर तरह तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर रहा है। ईडी, इलेक्शन कमीशन सुनियोजित षडयंत्र के तहत कार्य कर रहा है। जनता लोकसभा चुनाव में सबक सिखायेगी और तानाशाही का अंत होगा। जिला मीडिया प्रभारी अशोक श्रीवास्तव ने कहा दुनिया में जितने तानाशाह हुये सभी को सच से डर लगता था। इलीलिये यहां का तानाशाह मीडिया का सामना करने से घबराता है। न्याय यात्रा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पूर्व विधायक अंबिका सिंह, बसंत चौधरी, कौशल त्रिपाठी, नर्वदेश्वर शुक्ला, नीलम विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, सुनील पाण्डेय, गंगा प्रसाद मिश्रा, मो. अशरफ, अलीम अख्तर, शौकत अली नन्हू, नफीस अहमद, देवानंद पाण्डेय, भूमिधर गुप्ता, अतीउल्लाह सिद्धीकी, मो. मारूफ अली, चन्द्रशेखर चौधरी, राजबहादुर निषाद, रंजना सिंह, शकुन्तला देवी, सर्वेश शुक्ला, अशफाक आलम, सुबाष गुप्ता, अजय सिंह, राजकपूर, विष्णु तिवारी सहित तमाम कांग्रेसी थे।

# बी प्राक ने बिखेरा सुरों का जादू, भीड़ हुई बेकाबू

## कोहिनूर मंच पर आयोजित कार्यक्रम में भीड़ ने तोड़ी कुर्सियां, पुलिस ने भांजी लाठियां



अलीगढ़,, एजेंसी

तेरा मिलना भी जन्नत है, सारी दुनिया भुला देंगे, हो दिल तोड़ के हंसती हो मेरा जैसे गानों पर अलीगढ़ वासी झूम उठे। मंगलवार रात मौका था अलीगढ़ महोत्सव के कोहिनूर मंच पर सजी बॉलीवुड नाइट का। बॉलीवुड नाइट में सिंगर बी. प्राक ने अपने सुरों का जादू बिखेरा और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कोहिनूर मंच पर सभी को पास के जरिए एंट्री दी गई। जिसके बाद अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। फिर बॉलीवुड सिंगर बी. प्राक ने मंच पर आकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। एक ओर युवा उनके सुरों के जादू के दीवाने थे, तो वहीं दूसरी ओर अतिथि और अधिकारी भी बी. प्राक के गीतों पर झूमते नजर आए। युवाओं में दिखी जबरदस्त दीवानगी सिंगर बीप्राक के लिए युवाओं में जबरदस्त दीवानगी देखने को मिली। बीप्राक को सुनने के लिए बच्चे और युवा हजारों की संख्या में नुमाइश मैदान पहुंच गए और सभी कोहिनूर मंच के अंदर जाना चाहते थे। जिन्हें अंदर जाने का मौका नहीं मिला, वह बाहर ही रुककर एलसीडी पर बीप्राक के गीतों का आनंद लेते रहे। सोमवार रात को देर रात तक सुरों का जादू चलता रहा और लोग झूमते रहे। युवाओं ने तोड़ी कुर्सियां, फिर चली लाठी बी. प्राक की दीवानगी ऐसी थी कि हर कोई उसे लाइव सुनना चाहता था। कार्यक्रम के लिए प्रशासन की ओर से पास जारी किए गए थे और पास के जरिए ही कार्यक्रम में एंट्री थी। लेकिन बीप्राक को सुनने के लिए क्षमता से ज्यादा लोग नुमाइश में पहुंच गए और अंदर जाना चाहते थे। भीड़ को काबू करने के लिए युवा लगातार अंदर जाना चाह रहे थे और पुलिस से भी भिड़ रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और लाठी चलाकर भीड़ को खदेड़ा। इस दौरान गुस्साए युवाओं ने कुर्सियां उठाकर फेंकनी शुरू कर दी और जमकर तोड़फोड़ भी की। वीआईपी पास के बाद भी नहीं मिली एंट्री बॉलीवुड नाइड के लिए क्षमता से ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। ऐसे में हर कोई अंदर जाना चाहता था। जब भीड़ ज्यादा हो गई तो पुलिस को हलका बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान भगदड़ मच गई और लोग तितर बितर हो गए। कई लोग ऐसे भी थे, जिनके पास कार्यक्रम के वीआईपी पास थे और इसके बाद भी वह कार्यक्रम के अंदर नहीं जा पाए। वह प्रशासन और पुलिस को इसका दोषी बताते रहे। क्रिकेटर रिंकू सिंह को किया सम्मानित कोहिनूर मंच की बी. प्राक नाइट में मुख्य अतिथि के तौर पर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह मौजूद रहे।

# भगवान की भक्ति के लिए अहंकार का करें परित्यागः अवधेशदास

अलीगढ़, एजेंसी

भगवान की भक्ति के लिए अहंकार का परित्याग अति आवश्यक है, क्योंकि जहां अहंकार होगा, वहां भक्ति नहीं हो सकती और बिना भक्ति के भगवान से मिलन असंभव है। यह उद्गार निमोर्ही अखाड़ा चित्रकूट धाम के कथाव्यास अवधेशदास जी महाराज ने श्री अखलेश्वर महादेव मन्दिर रघुवीरपुरी में श्री रामकथा यज्ञ में कहीं। उन्होंने शिव धनुष भंग, परशुराम संवाद और माँ जानकी व श्री राम-विवाह का वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि राजा जनक ने रंगशाला में जब यह उद्घोष किया कि पूरी पृथ्वी वीरों से हीन है तो गुरूदेव विश्वामित्र के संकेत पर भगवान श्री राम उठे और शिव धनुष को ऐसे तोड़ दिया जैसे कोई मतवाला हाथी कमल की डंडियों को तोड़ देता है। भगवान शिव का धनुष टूटते ही देवताओं से आकाश मार्ग से पुष्प वर्षा कर जय जयकार की। माँ जानकी के हाथ में जयमाला तो है, लेकिन वे अलौकिक प्रीत के कारण वे माला नहीं डाल पातीं। सखियों के टोकने पर माँ जानकी को चौत हुआ। पूरे जनकपुर में धनुष तोड़ते ही प्रसन्नता का टिकाना नहीं रहा। धनुष के टूटते ही भगवान परशुराम मदरांचल पर्वत से जनक की रंगशाला में पहुंच गए। परशु के क्रोध को देखकर सभी राजा उन्हें प्रणाम करने लगे। तब भगवान श्री राम परशुराम को प्रणाम करके कहने लगे कि शिव धनुष को तोड़ने वाला आपका दास ही होगा। मेरे लिए क्या आज्ञा है। तब परशुराम ने कहा कि धनुष को तोड़ने वाला मेरा सहस्त्रबाहु के समान शत्रु है। संत प्रवर ने आगे बताया कि धनुष भंग के बाद राजा दशरथ अयोध्या से बारात लेकर जनकपुरी पहुंचे। द्वारचार से शादी की रस्म का वर्णन किया गया। इस मौके पर उन्होंने श्री हनुमान मन्दिर प्रांगण प्राचीन हरिद्वार चतराधाम बराह क्षेत्र सुनसरी पूर्वी नेपाल में 17 से 23 अप्रैल 2024 होने वाली श्री हनुमद् महायज्ञ में शामिल होने का आमंत्रण दिया। आज के मुख्य यजमान गौरव गुप्ता, अनुपम गुप्ता, ज्ञानेन्द्र गुप्ता एवं रेनू गुप्ता रहीं।


# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत

फिरोजाबाद, एजेंसी

फिरोजाबाद थाना खैरगढ़ क्षेत्र के गांव कुड़ी में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर आए मायका पक्ष के लोगों ने देखा तो ससुराल पक्ष के लोग फरार थे हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी है पुलिस द्वारा शव पोस्टमार्टम कराया गया है जांच कार्यवाई की जायेगी। थाना खैरगढ़ के गांव कुड़ी निवासी 25 वर्षीय लवी पत्नी स्वदेश की बुधवार को फांसी लगने से मौत हो गई सूचना पर पहुंचे जनपद इटावा के गांव नगला जुला निवासी मृतका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को लोगों की सहायता से फांसी के फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई। मृतका के चाचा विनेश कुमार ने बताया की लवी की शादी 3 वर्ष पूर्व कुड़ी निवासी स्वदेश के साथ की थी शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज को लेकर लवी का उत्पीड़न करते थे इसी बीच लवी ने एक पुत्री को जन्म दिया आज ससुरालीजनों ने लवी की गला घोटकर हत्या कर दी और शव को फांसी पर लटका कर फरार हो गए थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया तो फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 22 फरवरी, 2024





# तय मानसिकता के साथ फिल्म देखना सही तरीका नहीं

एक्ट्रेस यामी गौतम धर का मानना है कि सिनेमा हॉल वह जगह है, जहां दिमाग को किसी भी बोझ या विचारधारा से पूरी तरह मुक्त होना चाहिए। आगामी फिल्म आर्टिकल 370 की रिलीज का इंतजार कर रही एक्ट्रेस ने कहा, कलाकारों और दर्शकों के लिए यह जरूरी है कि वे फिल्मों को साफ-सुथरी नजर से देखें और किसी भी पुरानी धारणा से प्रभावित न हों। पिछले कुछ महीनों में दर्शकों की ओर से एनिमल और डंकी जैसी फिल्मों पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखी गई हैं। यह बात आगामी फिल्म आर्टिकल 370 के साथ भी है। फिल्म की कहानी एक ऐसे विषय को छूती है, जिसने देश को राय के मामले में विभाजित कर दिया है। यामी ने कहा, आपको क्या पसंद है, क्या पसंद नहीं है, यह आपकी व्यक्तिगत सोच है। आपको इस पर कायम भी रहना चहिए। लेकिन पहले से तय मानसिकता के साथ फिल्म देखना सही तरीका नहीं है। यामी ने कहा, जहां तक ध्रुवीकरण की बात है तो आज हर चीज पर लोगों की अलग-अलग राय है। सोशल मीडिया ने ऐसे में आग में घी डालने का काम किया है, क्योंकि यह बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचने का सबसे आसान तरीका है। उन्होंने कहा, एक कलाकार के रूप में मेरा काम उत्कृष्टता का पीछा करना है, अच्छी भूमिकाएं निभाने के लिए सम्मोहक कहानियों को सामने लाना है और अच्छे सिनेमा का हिस्सा बनना है, यही वह इरादा है जिसके साथ मैं काम करती हूं। अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म के बारे में भी बात की और कहा कि यह फिल्म भारत के संविधान के विवादास्पद अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के पीछे की कहानी को बताती है। यामी ने कहा, आर्टिकल 370 सिर्फ एक आर्मी ऑपरेशन के बारे में नहीं है, फिल्म बताती है कि कैसे आर्टिकल 370 को हटाने की ऐतिहासिक घटना को अंजाम दिया गया था। कन्नड़ फिल्म उल्लासा उत्साहा से फिल्मों में अपना सफर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने सिनेमा में लगभग डेढ़ दशक पूरा कर लिया है। यामी ने कहा, मैं वास्तव में अपनी सिनेमाई यात्रा पर पीछे मुड़कर नहीं देखती। मैं यह भी नहीं सोचती कि मैं इतने लंबे समय से काम कर रही हूं। मैं कम उम्र में इंडस्ट्री में शामिल हो गया थी, आज मैं जहां हूं, बहुत खुश हूं। मैं अपनी सफल फिल्मों का श्रेय उन फिल्मों को देती हूं, जिन्हें दर्शकों से प्यार नहीं मिला है।



# आरसी 16 में राम चरण के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जान्हवी

जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक तरफ जहां अभिनेत्री जूनियर एनटीआर के साथ देवरा में मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। वहीं, दूसरी ओर खबर थी कि वे राम चरण के साथ आरसी 16 में भी अभिनय करेंगी। इस बीच, अब फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए पुष्टि की है कि जान्हवी ने अपना दूसरा तेलुगु प्रोजेक्ट साइन किया है। वे जल्द ही बुची बाबू सना के साथ अपने आगामी प्रोजेक्ट में राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।



## राम चरण और सूर्या के साथ काम करेंगी जान्हवी

बोनी ने कहा, मेरी बेटी पहले ही जूनियर एनटीआर के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर चुकी है। वे जल्द ही वह राम चरण के साथ भी एक फिल्म शुरू करेंगी। रामचरण और जूनियर एनटीआर दोनों लड़के बहुत अच्छे हैं। जान्हवी बहुत सारी तेलुगु फिल्में देख रही हैं और उनके साथ काम करके वे धन्य महसूस करती हैं। मुझे उम्मीद है कि जान्हवी की फिल्म देवरा दर्शकों को पसंद आएगी। जान्हवी जल्द ही सूर्या के साथ भी स्क्रीन साझा करेंगी। उन्होंने अपनी पत्नी श्रीदेवी को याद करते हुए कहा, श्रीदेवी ने भी कई भाषाओं में अभिनय किया, मुझे उम्मीद है कि मेरी बेटी भी ऐसा ही करेगी।

जान्हवी कपूर फिलहाल जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा में काम कर रही हैं। इस फिल्म से अभिनेत्री अपना तेलुगु डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, नारायण, कलैयारासन, मुरली शर्मा और अभिमन्यु सिंह सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं। वहीं, आरसी16 में उनकी भूमिका उन्हें तेलुगु सिनेमा में अपने अभिनय कौशल को प्रदर्शित करने का एक और शानदार मौका मिल गया है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही जान्हवी के फैंस उत्साहित हो गए हैं।

## मुख्य भूमिका में नजर आएंगे ये सितारे

रामचरण की फिल्म आरसी 16 की बात करें, तो इसका निर्देशन बुच्ची बाबू सना के जरिए किया जाएगा। आरसी 16 में रामचरण के अलावा जान्हवी कपूर और शिव राजकुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कन्नड़ सुपस्टार शिवा इस फिल्म से अपना तेलुगु डेब्यू करने जा रहे हैं।



# डॉन 3 में हुई कियारा आडवाणी की एंट्री

आज डॉन 3 के मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस की अनाउंसमेंट कर दी है। फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आएंगे। वहीं अब मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा की जगह कियारा आडवाणी को फिल्म में रणवीर के अपोजिट कास्ट करने का डिसिजन अनाउंस कर दिया है। इस फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर होंगे। एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो डॉन-3 की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया।

## मैं और शाहरुख आपसी सहमति से अलग हुए

फरहान ने कहा- मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया। हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।

## फरहान ने रणवीर को बताया था बेस्ट

इस फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल होना शुरू हो गए थे। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं। वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है। वो इस किरदार में फिट होने की कोशिश कर रहा है जिसे अमिताभ जी और शाहरुख खान ने निभाया है।

## रणवीर सिंह ने ट्रोल करने वालों को जवाब दिया था

हालांकि रणवीर सिंह ने भी ट्रोल करने वालों को जवाब दिया था। एक इंटरव्यू में शाहरुख खान को रिप्लेस करने के सवाल में रणवीर सिंह ने कहा था- बदलाव तो स्वाभाविक है, सिनेमा के इतिहास में पहले भी ऐसा हो चुका है। जब बॉन्ड फ्रेंचाइजी में डैनियल क्रेग को लाया गया था, तब भी ये चर्चा हुई थी। इसके आगे एक्टर ने डॉन 3 के बारे में कहा कि ये हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी है, इसकी कमान मुझे सौपना एक बड़ी बात है। मैं इसमें अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा।

# अकीडो - ए रिवेंज ड्रामा से ओटीटी डेब्यू करेंगी निधि अग्रवाल

अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने टाइगर श्रॉफ और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ मुन्ना माइकल से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास सफलता नहीं दिखा सकी। इसके बाद निधि ने साउथ सिनेमा का रूख कर लिया। अब एक बार फिर निधि हिंदी सिनेमा में वापसी को तैयार हैं। निधि इस बार बड़े पर्दे पर नहीं बल्कि ओटीटी पर नजर आएंगी। निर्माता प्रेरणा अरोड़ा की अकीडो - ए रिवेंज ड्रामा से निधि अपना ओटीटी डेब्यू भी करने जा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक जयसवाल ने किया है। हिंदी सिनेमा में वापसी को लेकर निधि ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं इतनी अच्छी स्क्रिप्ट को मना नहीं कर सकी। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे मैं खुद देखना पसंद करती हूं। ऐसे में जब प्रेरणा ने मुझे इस फिल्म के लिए फोन किया तो मैंने तुरंत कहा हां कह दिया। हिंदी सिनेमा में अपनी वापसी को लेकर निधि ने कहा, मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रही थी, जो मुझे पसंद आए।



# 30 साल में 100 फिल्मों के बाद मैंने समय कमाया है

एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने अपने फैंस की बातों का जवाब देते हुए बताया कि आखिर वह इन दिनों क्या कर रही हैं। तीन दशकों से अधिक लंबे करियर के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अब अपने आप को टाइम दिया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई फोटोज शेयर की और लिखा, बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं इन दिनों क्या कर रही हूं, लेकिन कभी-कभी ऐसा लगता है कि आप 53 साल की उम्र में पूछ रहे हैं कि आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, मैं इस बात से भी खुश हूं कि मैं जीवन में अलग-अलग चीजों का स्वाद चख रही हूं, केवल वही चीजें कर रही हूं जो मुझे पसंद हैं। कभी-कभी कुछ नहीं करना, अपनी बिल्लियों और कुत्तों के साथ समय बिताने के अलावा मैं किताब पढ़ने, संगीत सुनने और आध्यात्मिकता को समय देती हूं। जिमिंग के साथ मैं वर्ल्ड टूर का भी आनंद लेती हूं। 30 साल के करियर में 100 फिल्मों में काम करने के बाद अब उन्हें लगता है कि उन्होंने कुछ समय अपने लिए कमाया है। मनीषा ने कहा, मैं उनके प्यार और देखभाल में डूबी हुई हूं, मैंने अपने जीवन का अधिकांश समय एक व्यस्त शहर में अकेले गुजारा है। यह मत भूलिए कि एक सेलिब्रिटी होने के नाते कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है, अच्छे और बुरे लोगों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपके अकेले समय में भगवान अपना रास्ता बनाते हैं और मेरे पास मुट्ठी भर सच्चे दोस्त थे, मेरी यादें मेरे दिल का कालातीत खजाना हैं। वह अगली बार संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में दिखाई देंगी।





# फिल्म में रणवीर सिंह के डॉन बनने पर अर्जुन रामपाल ने जताई खुशी

अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता इस फिल्म में विद्युत जामवाल और अभिनेत्री नोरा फतेही के साथ नजर आएंगे। वहीं अब उन्होंने क्रैक के अलावा बॉलीवुड की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉन 3 के बारे में बात की है। अर्जुन रामपाल डॉन फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। अब उन्होंने फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह की कास्टिंग पर प्रतिक्रिया दी। दरअसल, डॉन 3 में रणवीर सिंह की कास्टिंग के बाद से ही सोशल मीडिया पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इस फिल्म में रणवीर अभिनेता शाहरुख खान की जगह ले रहे हैं, जिससे काफी फैंस नाराज दिखे। वहीं, अब इस बारे में बात करते हुए अर्जुन रामपाल ने कहा कि जब डॉन में शाहरुख खान ने अमिताभ बच्चन की जगह ली थी, तब भी लोगों को ऐसी ही आशंकाएं थीं और इस बार भी कुछ ऐसा ही है, लेकिन मुझे लग रहा है यह भविष्य में मजेदार होने वाला है।

हाल ही में दिए साक्षात्कार में अर्जुन रामपाल ने कहा कि लोगों को बहुत सी अटकलें हैं कि रणवीर की जगह शाहरुख खान क्यों नहीं हैं? दोनों अभिनेताओं के प्रशंसकों के बीच बहस छिड़ी हुई है। यह बात तब भी हुई थी, जब अमिताभ बच्चन डॉन थे और शाहरुख उस भूमिका को निभाने वाले थे। मुझे लगता है कि यह एक बड़ी फ्रैंचाइजी है। यह उन फ्रैंचाइजी में से एक है, जिसके लिए हमें उत्साहित होना चाहिए और इस पर गर्व होना चाहिए। ये चीजें समय के साथ बदलती रहती हैं और मुझे लगता है कि यह स्वाभाविक है, यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है।

इसके साथ ही अर्जुन रामपाल ने अर्जुन और फरहान के हुनर की भी बात की। उन्होंने आगे कहा कि रणवीर को मुख्य किरदार के रूप में देखना मजेदार होगा। रणवीर डॉन बनकर कुछ नया करेंगे। फरहान को फिर से एक फिल्म का निर्देशन करते देखना हमारे लिए खूब मजेदार और रोमांचक होगा।

वहीं बात करें डॉन 3 की तो फरहान ने आज दर्शकों को खास तोहफा दिया है। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर कियारा आडवाणी को चुना गया है। टीम ने आज अनाउंसमेंट वीडियो साझा करते हुए खुलासा किया कि कियारा आडवाणी अब डॉन यूनिवर्स का हिस्सा बन चुकी हैं, जिस पर अभिनेत्री ने भी आभार और फिल्म में काम करने का उत्साह जताया।

# लोगों को नेपोटिज्म शब्द का मतलब भी नहीं पता

वेब सीरीज शोटाइम का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल शाखा धर्माटिक ने किया है। इस शो में नेपोटिज्म यानि भाई-भतीजीवाद का भी खुलकर जिक्र किया गया है। इमरान हाशमी बॉलीवुड के मशहूर अभिनेताओं से एक हैं। हाल ही में, वे फिल्म टाइगर 3 में सलमान खान और कैटरीना कैफ के साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म में दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आया था। आने वाले दिनों में इमरान वेब सीरीज शोटाइम में अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेता बॉलीवुड की सच्चाई और नेपोटिज्म पर खुलकर बातें करते नजर आए।

## नेपोटिज्म का अर्थ भी नहीं जानते लोग

वेब सीरीज शोटाइम का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल शाखा धर्माटिक ने किया है। इस शो में नेपोटिज्म यानि भाई-भतीजीवाद का भी खुलकर जिक्र किया गया है। इमरान हाशमी ने अपने साक्षात्कार के दौरान कहा, वे लोग जो सोशल मीडिया पर परिवारवाद या भाई-भतीजावाद का झंडा उठाए रहते हैं असल में उन्हें इसका सही अर्थ भी नहीं पता होता है। वे बस भीड़ का हिस्सा भर हैं। इमरान अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, जहां तक मुझे याद है करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहली बार नेपोटिज्म शब्द का इस्तेमाल हुआ था। उस शो से पहले ज्यादातर लोगों को इस शब्द के बारे में पता भी नहीं था। आज भी जो लोग इस शब्द का इस्तेमाल ट्रोलिंग के लिए कर रहे हैं उन्हें नहीं पता है कि वे आखिर यह क्यों कर रहे हैं।






# जी में 2000 करोड़ का गबन ! सेबी ने सुभाष चंद्रा-पुनीत गोयनका से मांगा जवाब, शेयरों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कंपनी अभी सोनी के साथ मर्जर डील टूटने के सदमे से उबरी भी नहीं थी कि मार्केट रेगुलेटर सेबी ने उसकी चिंता बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेबी ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के खातों से 24 करोड़ डॉलर यानी 19,89,28,44,000 रुपये मिसिंग हैं। सेबी की जांच में सामने आया है कि कंपनी से करीब 24.1 करोड़ डॉलर डाइवर्ट किए गए हैं । सेबी के जांचकर्ताओं ने शुरुआत में जो अनुमान लगाया था, यह राशि उससे करीब दस गुना है। सेबी ने इस बारे में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें कंपनी के फाउंडर सुभाष चंद्रा और उनके पुत्र पुनीत गोयनका शामिल हैं। साथ ही कुछ बोर्ड मेंबर्स से भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस बीच जी ने इस रिपोर्ट का खंडन किया है कि उसके अकाउंट्स से 2000 करोड़ रुपये मिसिंग हैं। कंपनी ने कहा कि इस रिपोर्ट में कोई सच्चाई नहीं है। इस बीच कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई है। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में आठ फीसदी तेजी आई थी लेकिन बुधवार




को इसमें भारी गिरावट दिख रही है। सुबह 10.30 बजे कंपनी का शेयर 10.52 फीसदी गिरावट के साथ 172.70 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। कल यह 193 रुपये पर बंद हुआ था और आज 173.70 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 165.55 रुपये तक गिरा। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 299.50 रुपये और न्यूनतम 152.50 रुपये है। सोनी के साथ डील टूटने के बाद 23 जनवरी को कंपनी के शेयरों में 33त्न गिरावट आई थी जो इसके इतिहास में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट थी।

### कंपनी ने क्या कहा

जी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी सेबी को सभी तरह की जानकारी देने की प्रक्रिया में है। सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका के खिलाफ सेबी की जांच के कारण सोनी और जी के बीच डील आगे नहीं बढ़ पाई। दोनों कंपनियों के बीच 2021 में डील हुई थी। इसके मुताबिक गोयनका को मर्जर के बाद बनने वाली कंपनी का सीईओ बनाया जाना था लेकिन सेबी की जांच के कारण सोनी इसे लेकर सहज नहीं थी। आखिरकार उसने जनवरी में इस डील को टाटा कह दिया। इस बीच मंगलवार को खबर आई थी कि जी एक बार फिर से सोनी के साथ डील की संभावना टटोल रही है। इससे कंपनी के शेयरों में कल काफी तेजी देखी गई थी।

### सेबी की रोक

सेबी ने पिछले साल अगस्त में जी के फाउंडर्स सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका के किसी भी लिस्टेड कंपनी में एग्जीक्यूटिव या डायरेक्टर बनने पर रोक लगा दी थी। सेबी ने अपनी जांच में पाया था कि चंद्रा और गोयनका ने अपनी पोजीशन का दुरुपयोग किया था और अपने फायदे के लिए फंड्स का गबन किया था। जी ने सेबी के इस आदेश के खिलाफ हायर अपीलेट अथॉरिटी में अपील की थी और अक्टूबर में उसे राहत मिली थी। अपीलेट अथॉरिटी ने सेबी की जांच के दौरान गोयनका को एग्जीक्यूटिव पोजीशन होल्ड करने की अनुमति दी थी। पिछले फाइनेंशियल ईयर में जी के प्रॉफिट में 95 फीसदी गिरावट आई थी। दिसंबर तिमाही में उसे 58.54 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### लर्नर लाइसेंस और ड्राइविंग लाइसेंस की वैलिडिटी इतने तारीख तक बढ़ी, सरकार ने दी लोगों को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क मंत्रालय ने लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी किया गया। मंत्रालय ने सारथी पोर्टल में कुछ समस्या के कारण लाइसेंस की वैधता बढ़ाने का निर्णय लिया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में कुछ समस्या के कारण आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए ऐसे लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

### मुकेश अंबानी के सहयोग से मार्च में आएगा देश का पहला एआई मॉडल हनुमान, 11 भाषाओं में करेगा काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की ओर से समर्थित एक समूह अगले महीने अपनी पहली चैटजीपीटी जैसी एआई सेवा शुरू करेगा। भारतजीपीटी समूह, का समर्थन करने वालों में भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस और आठ संबद्ध विश्वविद्यालयों की एक शाखा शामिल है। समूह ने मुंबई में एक प्रौद्योगिकी सम्मेलन के दौरान अपने बड़े एआई भाषा मॉडल की एक झलक पेश की। इस दौरान एक बाइक मैकेनिक को एआई मॉडल के साथ तमिल में सवाल पूछते हुए दिखाया गया, जबकि एक बैंकर को एआई बॉट के साथ हिंदी में बात करते हुए देखा गया। इसके साथ ही एक डेवलपर ने एआई मॉडल की मदद से कंप्यूटर कोड भी लिखा। रिलायंस की मदद से बनाए गए इस एआई मॉडल का नाम हनुमान रखा गया है। यह एआई मॉडल 11 स्थानीय भाषाओं में काम करने में सक्षम होगा। हनुमान एआई मॉडल, शासन, स्वास्थ्य, शिक्षा और वित्तीय सेवाओं जैसे चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखकर अपनी सेवाएं देगा। यदि यह मॉडल सफल होता है, तो यह एआई प्रौद्योगिकी विकसित करने की दौड़ में भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। पिछले साल एक कार्यक्रम के दौर रिलायंस जियो इंफोकॉम के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एक कार्यक्रम के दौरान आईआईटी बॉम्बे के साथ एक प्रोजेक्ट पर साल 2014 से काम करने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि जियो 2.0 के साथ भारतजीपीटी की भी शुरुआत की जाएगी।

### डी चीका के प्युबर्टी इसेंशियल्स ने शार्क टैंक इंडिया 3 में खींचा सबका ध्यान

**मुंबई, एजेंसी।** एक ऐसे ब्रांड के बारे में सोचिए, जो खासतौर पर किशोर लड़कियों की ज़रूरतों और पसंदों को ध्यान में रखते हुए यौवन (प्युबर्टी) से जुड़े ज़रूरी उत्पाद तैयार करता है। यह ब्रांड है- डी'चीका ! स्टाइलिश ब्रा और पीरियड पैंटी से लेकर फैशनेबल एथलीजर और फुटवियर तक, ये ब्रांड अपनी खासतौर से तैयार की गई चीज़ों के ज़रिए किशोर लड़कियों को उनके किशोरावस्था के दौरान सशक्त बनाने का प्रयास करता है। सह-संस्थापक ऋचा कपूर और वाणी चुघ शार्क टैंक इंडिया 3 में शिरकत कर रही हैं। शार्क टैंक इंडिया 3 का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी साझा करते हुये डी चीका फैशन लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड की सह-संस्थापक वाणी चुघ ने कहा, ''शार्क टैंक इंडिया ने हमारे टीन और यंग वूमन इनर-वेयर ब्रांड डी'चीका को लाखों भारतीय घरों तक पहुंचाने और पीरियड्स जैसे विषयों, जिसके बारे में बात करना गलत समझा जाता है।

## स्वदेशी डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर के साथ तेजस ने भरी उड़ान, रक्षा मंत्री ने बताया आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वदेशी रूप से विकसित डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी ) के साथ तेजस लड़ाकू विमान ने सफल उड़ान भरी है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है।



स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में डीएफसीसी को प्रोटोटाइप एलएसपी7 में एकीकृत किया गया और 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान उड़ान भरी। तेजस-एमके1ए संस्करण के लिए डीएफसीसी को एयरोनाटिकल विकास प्रतिष्ठान (एडीई) बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। इसने कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया। भारतीय वायुसेना पहले ही तेजस एलसीए एमके1 का संचालन शुरू उकर चुकी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

## जनवरी में 47 लाख निवेशकों ने खोले खाते, एम्फी के आंकड़े, उद्योग के आकार में भी इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती जागरूकता और डिजिटलीकरण के जरिये लेनदेन सुगम होने से जनवरी, 2024 में 46.7 लाख निवेशकों ने म्यूचुअल फंड खाते खोले। इससे म्यूचुअल फंड उद्योग का आकार बढ़ गया है। जनवरी में खुले नए खातों की संख्या 2023 के औसत मासिक आंकड़ों की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। पिछले साल हर महीने औसतन 22.3 लाख नए म्यूचुअल फंड खाते खुले थे। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, इन खातों की कुल संख्या भी बढ़कर 16.96 करोड़ पहुंच गई है। यह एक साल पहले पंजीकृत 14.28 करोड़ खातों की तुलना में 19 फीसदी अधिक है। दिसंबर, 2023 में 16.49 करोड़ खातों की तुलना में जनवरी में करीब तीन फीसदी की वृद्धि देखी गई है।




पिछले महीने खोले गए 46.7 लाख खातों में इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी 34.7 लाख रही। हाइब्रिड फंड्स ने 3.36 लाख नए खाते जोड़े। हालांकि, डेट फंड्स में लगातार पांचवें महीने गिरावट रही। व्हाइटओक म्यूचुअल फंड के मुख्य कारोबार अधिकारी प्रतीक पंत ने कहा, नए निवेशकों में नई पीढ़ी के युवाओं की तादाद काफी ज्यादा है। अधिकांश नए निवेशक म्यूचुअल फंड क्षेत्र में प्रवेश के लिए डिजिटल चैनलों का रास्ता अपना रहे हैं। उधर, उच्चस्तरीय डिजिटल साक्षरता, खर्च योग्य आय में वृद्धि और वित्तीय साक्षरता ने भारतीयों को पारंपरिक वित्तीय साधनों से अलग हटकर देखने के लिए प्रोत्साहित किया है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दिसंबर, 2023 में शुद्ध रूप से 15.62 लाख सदस्य जोड़े। यह दिसंबर, 2022 की तुलना में 4.62 फीसदी अधिक है।?पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 8.41 लाख नए सदस्य नामांकित हुए। कुल जोड़े गए नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग का हिस्सा 57.18 फीसदी रहा।?वहीं, ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर गए 12.02 लाख सदस्य वापस आ गए।

## नैबिकॉन 2024 में बर्न मैनेजमेंट के लिए हुई अभिनव उपचारों पर चर्चा

**मुंबई, एजेंसी।** जलने केबाद की जाने वाली देखभाल और उपचार को लेकरजागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य ...रांची, 16 फरवरी,2024 नेशनल एकेडमी ऑफ बर्न्स ने नैबिकॉन 2024 का आयोजनकिया है। यह एक ऐसा मंच है जो बर्न (जलने से होने वाले घाव) की रोकथाम, जलने सेहोने वाले घाव के इलाज,बर्न रिकंस्ट्रक्शन,बर्न रिहैबिलेशन और इनसे जुड़े रिसर्च से संबंधित ज्ञान के आदान-प्रदानमें बड़ी भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम में गणमान्य वक्ताओं को देखने का मौकामिला जिसमें भारत और दुनिया भर से समर्पित बर्न और प्लास्टिक सर्जन और बर्न केयर विशेषज्ञशामिल थे। इस सम्मेलन में शामिल कुछ प्रमुख विषयों में बर्न मैनेजमेंट का प्रशिक्षण, घावों मेंकेराटिनोसाइट डिलिवरी में हुई प्रगति,जलने के बाद आई विकृति में सुधार, एक आदर्शबर्न यूनिट की स्थापना और बर्न्स के बारे में जागरूकता और कई दूसरे विषय शामिल थे।कई विशेषज्ञों ने बर्न मैनेजमेंट और देखभाल से जुड़े विषयों पर वैज्ञानिक और मेडिकलपेपर प्रस्तुत किए। यह सम्मेलन एनएबीआई के प्रेसिडेंट और नैबिकॉन 2024 के आयोजन सचिव डॉ. अनंत सिन्हा के नेतृत्व मेंरांची, झारखंड में आयोजित किया जा रहा है।नैबिकॉन2024 के मौके पर, बीएसवी के सीओओ- इंडिया बिजनेस, आलोक खेत्री ने कहा,दुनिया भर में आग से जलकर मरने वालों की बड़ी संख्या के बावजूद, आखिरकार एक रोशनीनजर आ रही है। उन्होंने जलने से बचे लोगों को शारीरिक और भावनात्मक रूप से मजबूतीदेने के लिए आधुनिक बर्न ट्रीटमेंट के महत्व पर जोर दिया। आग के शिकार हुए लोगों मेंअक्सर खरोंच (मृत ऊतक) और अन्य विकृतियां पैदा हो जाती हैं जो जीवन भर उनके लिए भावनात्मकऔर शारीरिक चुनौती बनी रहती हैं। हालांकि, बर्न के उपचार में हुई वैज्ञानिक प्रगति के साथ आग से बचे लोगअब बिना किसी इंट्रूसिव सर्जरी के इन चुनौतियों पर काबू पाने उम्मीद कर सकते हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्तबनाने के लिए मशहूर बीएसवी अब बर्न मैनेजमेंट पर भी अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है।उनका अभिनव उपचार काफी प्रभावी है। ये आस-पास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान पहुंचाए बिनाकेवल चार घंटों में एस्केर को हटाकर उम्मीदें जगाता है। बीएसवी में हम देश भर में जलनेसे बचे लोगों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये बर्नमैनेजमेंट की दुनिया में एक नए अध्याय को दर्शाता है।

## अहमदाबाद में स्टार्टअप प्लेटफॉर्म - कल के करोड़पति की शुरूआत हुई

**अहमदाबाद।** कल के करोड़पति एक ऐसी अनोखी पहल है जिसका उद्देश्य गुजरात तथा देशे के बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को अधिक ऊंचाई पर ले जाना और स्टार्टअप्स को अधिक अवसर प्रदान करना है, इसका अनावरण प्रसिद्ध अभिनेता और उद्यमी सुनील शेट्टी ने मंगलवार को अहमदाबाद में किया। फिलहाल कल के करोड़पति (केकेके) की गुजरात में अपने पहले अध्याय के शुभारंभ के साथ शुरूआत हुई है जिसका व्याप आगामी समय में पूरे देश में फैलेगा. कल के करोड़पति (केकेके)- यह स्टार्टअप और निवेशकों तथा वीसी फंड्स का एक साझा मंच है। हालाँकि, यह केवल फंड दिलाने और निवेश को सुविधाजनक बनाने का एक मंच होने से कहीं अधिक है. अपने बहु आयामी दृष्टिकोण के कारण अधिक असरकारक है। यह पहल गुजरात में अपने पहले अध्याय के शुभारंभ के साथ शुरू हुई है, जो स्टार्टअप और युवा उद्यमियों के लिए एक नए युग का संकेत है। कल के करोड़पति ने पूरे गुजरात में 500 स्टार्टअप्स को अपने व्यावसायिक प्रस्ताव और विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया, जिनमें से विभिन्न उद्योगों और नवीन समाधानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 27 होनहार स्टार्टअप्स का सावधानीपूर्वक चयन किया गया। चयनित स्टार्टअप में से प्रत्येक को नौ फंडों और निवेशकों के सामने 3 मिनट की लाइव पिच के साथ अपने उद्यमों की विशिष्टता और विकास क्षमता को उजागर करने का मौका मिला। इस प्लेटफोर्म ने पहले से ही चुनिंदा स्टार्टअप के लिए 15 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव - इओआई प्राप्त करने में मदद की है। गुजरात की यह सफलता दर्शाती है कि अग्रणी निवेशको को राज्य के स्टार्टअप्स में निवेश में रूचि है।

### सोनी लिव ने बहुप्रतीक्षित शो महारानी 3 का ट्रेलर लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** महारानी 3 नरेन कुमार और डिंपल खरबंदा द्वारा निर्मित, सुभाष कपूर द्वारा रचित और सौरभ भावे द्वारा निर्देशित है। सुभाष कपूर और नंदन सिंह द्वारा लिखित मनोरंजक कहानी में हुमा कुरैशी, अमित सियाल, विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कनी कुसरुती, अनुजा साठे, सुशील पांडे, दिब्येंदु भट्टाचार्य और सोहम शाह सहित उत्कृष्ट कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## इंदौर की दवा कंपनी का एनएसइ पर आईपीओ, कंपनी जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर ख्यात फार्मा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसइ पर आईपीओ आ रहा है। 19 फरवरी को सुबह आईपीओ खुलेगा। 22 साल पुरानी कंपनी इस आईपीओ से करीब 41 करोड़ रुपए एकत्र करेगी। कंपनी अपने 51 लाख से अधिक शेयर जारी करने जा रही है, इसकी प्रारंभिक कीमत 75 से 79 रुपए होगी। शेयर से मिलने वाली राशि में से करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा। निदेशक अजयसिंह दासुंदी ने बताया, आईपीओ 22 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ की मैनेजर ग्रेटेक्स कॉपोरेट सर्विसेज मुंबई है। कंपनी 2001 से दवा निर्माण और व्यापार करती है। 2023 में कंपनी 114.52 करोड़ रुपए की बिक्री कर 5.15 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल अर्धवार्षिक करीब 69.40 करोड़ की बिक्री से 5.39 करोड़ का फायदा हो चुका है।

कंपनी के तीन पार्टनर अजयसिंह दासुंदी, संदीप भारद्वाज और भूपेष सोनी हैं। तीनों ने फार्मेसी की पढ़ाई साथ में की और पिछले 22 साल से साथ में जैनिथ कंपनी साथ में चला रहे हैं। कंपनी देश में दवाओं के सप्लाय के साथ ही बड़ा मात्रा में एक्सपोर्ट भी करती है। प्रधानमंत्री जन औषधी, सहकारी राज्य बीमा निगम, रक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग को भी दवाओं का सप्लाय किया जाता है। मप्र के अलावा राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पंजाब सहित अन्य प्रदेशों में दवाओं की सरकारी सप्लाय कर रही है। कंपनी को विगत 7 वर्षो से ड्ब्लुह्र का प्रमाण पत्र हासिल है। कंपनी के पूरे देश में 3 हजार से अधिक स्टॉकिस्ट जो दवाओं की बिक्री करते हैं।

डायरेक्टर अजयसिंह दासुंदी सेल्स एवं मार्केटिंग का काम देखते है, जिन्होने कॅरियर की शुरूआत ग्लेक्सो और डॉ. रेड्डी जैसी कंपनी में सेल्स व मार्केटिंग से की है। कंपनी का आगामी विजन सेल्स व मार्केटिंग का खुद की फ्रेंचाईसी देश में खोलने के साथ ही डिजीटल मार्केटिंग से अपने उत्पाद को स्थापित करना है। डायरेक्टर संदीप भारद्वाज ने फार्मेसी करने के बाद दवा व्यापार को लेकर एमबीए किया है। कंपनी की ईकाईयों का संचालन व वित्त से संबंधित काम देखते हैं। संदीप ने बताया, कंपनी अपनी यूनिट का विस्तार करने जा रही है जिससे यहां टेबलेट का उत्पादन एक करोड़ प्रतिदिन क्षमता का हो जाएगा। जुलाइ 24 से नई इकाई का उत्पादन संभावित है

डायरेक्टर भूपेश सोनी सरकारी टेंडर में दवा वितरण का काम और ईकाई में तकनीकी अपडेट करने

### नवरचना यूनिवर्सिटी ने क्रिटिकल थिंकिंग पर दो दिवसीय सत्र का आयोजन किया

**वडोदरा, एजेंसी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार, पाठ्यक्रम की सामग्री और क्रिटिकल थिंकिंग( विवेचनात्मक चिंतन) को विकसित करने पर भार व्यक्त करते हुए, नवरचना युनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज एंड एजुकेशन (स्रुस्श्च) में बैचलर ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम ने इस संदर्भ में पहले ही अपनी विचारधारा डेवलप की है। किसी आकस्मिक विशेषता के बजाय विवेचनात्मक चिंतन को एक कौशल के रूप में सिखाने की चुनौती के साथ-साथ इसकी आवश्यकता को पहचानते हुए, स्रुस्श्च ने 15 और 16 फरवरी, 2024 को यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यहां आयोजित सत्रों में विभिन्न राष्ट्रीय संगठनों के शिक्षाविद और विशेषज्ञ शामिल हुए और उन्होंने विविध विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

## अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड ने इंजिनियस डिफेंस सिस्टम के लिए इंटीग्रेटेड प्लांट स्थापित किया

**हैदराबाद।** अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड (बीएसई 540879, एनएसई), कस्टम बिल्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सॉल्यूशंस के डिज़ाइन, डेवलपमेंट और फिटिंग में अग्रणी, ने घोषणा की है कि उसने इंजीनियस डिफेंस सिस्टम के लिए इंटीग्रेटेड प्लांट की स्थापना हेतु भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह आयोजित किया है। कंपनी ने पहाड़ी शरीफ, हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित हार्डवेयर पार्क -2 में 5 एकड़ भूमि में एक्सपेंशन कपैसिटी के साथ सुविधाओं को बढ़ाकर अपने मैन्युफैख्रिंग इंफ्रास्ट्रख्र का विस्तार करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स लिमिटेड का इरादा मिसाइलों और उसके सब-सिस्टम्स का निर्माण करने के साथ इस सुविधा में वेपंस का एमआरओ करने का भी है। कंपनी इस सुविधा के माध्यम से मानव रहित एरियल सिस्टम और मानव रहित ग्राउंड सिस्टम के निर्माण के लिए भी मिलकर काम कर रही है। यह मैन्युफैख्रिंग फैसिलिटी लगभग पांच एकड़ भूमि पर बनाई जाएगी जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 3,50,000 वर्ग फुट है।

## पूर्व फ्लेक्सीपैक लिमिटेड का आईपीओ 27 फरवरी, 2024 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व फ्लेक्सीपैक लिमिटेड, फ्लैक्सिबल पैकेजिंग सॉल्यूशंस की एक प्रमुख प्रदाता, ने 27 फरवरी, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अप्पर बैंड पर 40.21 करोड़ एकत्र करने का है. शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर



लिस्ट किया जाएगा. आईपीओ से प्राप्त शुद्ध रकम का उपयोग कंपनी द्वारा शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों से लिए गए मौजूदा कर्जो का फिर से भुगतान करना, कार्यशील पूंजी की जरूरतों का वित्तपोषण करना और आम कॉर्पोरेट खर्चों को पूरा करना है. एंकर पोर्शन की बिडिंग 26 फरवरी, 2024 को खुलेगी और इश्यू 29 फरवरी, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर, होलोनी कंसलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है.

कंपनी के चेयरमैन और नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री राजीव गोयनका ने कहा, हम हमारे आगामी आईपीओ की घोषणा कर हर्षित है. प्लास्टिक उद्योग में मजबूत पैठ, व्यापक ग्राहक आधार को वर्षों के समर्पित सेवा प्रदाता के रूप में पूर्व फ्लेक्सीपैक लिमिटेड क्वालिटी प्रोडक्ट्स प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध बनी हुई है. कंपनी पैकेजिंग मैटेरियल्स की ट्रेडिंग एवं वितरण में लगी हुई, जिससे हमें व्यूहात्मक भागीदारियों और उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ समर्पण द्वारा चालित बाजार में जोरदार उपस्थित दर्ज करने की अनुमति मिली है.

# रांची में इंग्लैंड-भारत के बीच 23 फरवरी को चौथा टेस्ट

## ● चौथे टेस्ट में यह हो सकती है भारत की प्लेइंग-11 ● पाटीदार को एक और मौका संभव, बुमराह की गैरहाजिरी ने मुश्किल बढ़ाई



**रांची (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। इसे जीतते ही भारत अंग्रेजों के खिलाफ लगातार तीसरी होम सीरीज जीत लेगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल इस मुकाबले में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। सिलेक्टर्स ने मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया है। सीरीज के अहम मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की जगह कौन लेगा और भारत की प्लेइंग-11 क्या होगी, आगे जानने की कोशिश करते हैं।

### बुमराह को आराम दिया, अब 2 कंडीशन-

सिलेक्टर्स ने बुमराह को आराम दिया है, तो प्लेइंग-11 में चेंज की दो कंडीशन बनती दिख रही हैं।

स्पिन पिच- सिराज के साथ 4 स्पिनर्स, अक्षर की वापसी संभव- बुमराह की गैरमौजूदगी में रांची की पिच स्पिन फ्रेंडली होने पर भारतीय टीम 4 स्पिनर और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में जडेजा, कुलदीप और अश्विन के साथ अक्षर पटेल को टीम में लाया जाएगा और मोहम्मद सिराज को पेसर के तौर पर रखा जाएगा।

सामान्य पिच - 2 पेसर उतर सकते हैं; मुकेश की वापसी या आकाश का डेब्यू भी संभव- यदि रांची की पिच दूसरे और तीसरे मुकाबले के जैसी रही, तो भारतीय टीम 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरेगी। सिराज के साथ मुकेश कुमार तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं। या फिर युवा आकाश दीप को भी डेब्यू कराया जा सकता है।

### पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है

भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर अच्छा कर रहा है। पिछले मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन), यशस्वी जायसवाल (214 रन) ने धमाकेदार पारियां खेली थीं। गिल ने भी 91 रन का योगदान दिया था। मिडिल ऑर्डर में रजत पाटीदार को छोड़कर सरफराज खान ने दो अर्धशतक समेत 130 रन बनाए, जबकि रवींद्र जडेजा (112 रन) ने शतक जमाया।

इसके बावजूद रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। रजत सीरीज के 2 मैचों में महज 46 रन ही बना सके हैं। अगर पाटीदार को बाहर किया गया तो देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। हालांकि, टीम से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि पाटीदार को एक बार फिर मौका दिया जा सकता है।

### अहम मुकाबले से बुमराह को आराम क्यों?

बीसीसीआई ने कहा है कि बुमराह को रेस्ट देने का फैसला सीरीज की लंबी अवधि और पिछले कुछ दिनों में खेले गए क्रिकेट की मात्रा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मतलब साफ है कि सिलेक्टर्स उन्हें आराम देकर आखिरी टेस्ट के लिए तरोताजा रखना चाहते हैं। साथ ही जून में टी-20 वर्ल्ड कप भी होना है। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स नहीं चाहते कि इतने अहम टूर्नामेंट से पहले बुमराह चोटिल हों। वह चोट के कारण 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन पाए थे।

### बुमराह के बिना संभावित प्लेइंग-11

पिच स्पिन फ्रेंडली हुई तो...रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज।

सामान्य पिच पर...रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, मुकेश कुमार और मोहम्मद सिराज।

# विराट-अनुष्का के घर बेटे का जन्म

## 5 दिन बाद सोशल मीडिया पर दी जानकारी, अकाय नाम रखा



**मुंबई (एजेंसी)।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा फिर पेरेंट्स बन गए हैं। 15 फरवरी को अनुष्का ने बेटे को जन्म दिया। उन्होंने इसकी जानकारी 20 फरवरी को इंस्टाग्राम पोस्ट पर दी। कपल ने कहा- आपकी दुआओं की दरकार है। कृपया इस वक्त हमारी प्राइवेसी का ध्यान रखें। बच्चे का जन्म कहां हुआ है यह नहीं बताया गया है। हालांकि 13 फरवरी को इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में- 'टू बी बॉर्न इन लंदन' लिखा था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि जन्म लंदन में ही हुआ है। कपल ने बेटे का नाम अकाय रखा है। इसका अर्थ निराकार या पूर्ण चंद्रमा या पूर्ण चंद्रमा की रोशनी भी होता है। इनकी पहले से एक बेटी है। जिसका नाम वामिका है। भगवान शिव और देवी पार्वती के मिले-जुले स्वरूप को वामिका कहा जाता है।

### डिविलियर्स ने किया था पिता बनने की खबर का खुलासा

कुछ दिन पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब लाइव स्ट्रीम में कोहली के पिता बनने की खबर का खुलासा किया था। एबी ने कहा था कि कोहली पिता बनने वाले हैं और वे परिवार के साथ हैं। इसीलिए उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ब्रेक लिया है। बाद में डिविलियर्स ने भास्कर को दिए इंटरव्यू में कोहली की प्राइवेसी लीक करने पर माफी मांगी थी और अपने बयान को अपनी बहुत बड़ी गलती बताया था।


### बेटे के जन्म के 2 दिन पहले हर्ष गोयनका ने भी दी जानकारी

इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने 13 फरवरी को ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी थी कि अनुष्का लंदन में दूसरे बच्चे को जन्म देंगी। हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में लिखा था- अगले कुछ दिनों में एक नया बेबी पैदा होगा! आशा है कि बच्चा महान क्रिकेटर पिता की तरह भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। या फिर वह अपनी मां को फॉलो करेगा और एक फिल्म स्टार बनेगा? हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में 'मेड इन इंडिया' और 'टू बी बॉर्न इन लंदन' को भी टैग किया है।

उनके इस ट्वीट से लोगों को यकीन हो गया था कि अनुष्का और विराट फिर से पेरेंट्स बनने वाले हैं। इसके बाद से ही फैंस विराट-अनुष्का को बधाई देने लगे थे।

# जायसवाल कर सकते हैं कांबली की बराबरी

## 14 इनिंग्स में पूरे कर सकते हैं 1000 रन, 139 रन की और जरूरत




**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में दोहरा शतक लगाकर भारत की जीत में अहम योगदान दिया। 21 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू करने वाले जायसवाल महज 7 मैचों में 2 अर्धशतक, एक शतक और 2 दोहरे शतक लगा चुके हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में एक हजार रन पूरे करने के भी करीब हैं। यशस्वी 7 मैचों की 13 इनिंग में 861 रन बना चुके हैं। अगर अगले मैच की पहली इनिंग में वह 139 रन बना लेते हैं तो सबसे कम इनिंग्स में हजार रन पूरे करने के मामले में विनोद कांबली के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। वहीं, मैचों के लिहाज से हजार रन बनाने वाले भारत के फास्टेस्ट और दुनिया के सेकेंड फास्टेस्ट प्लेयर भी बन जाएंगे। भारत में यह रिकॉर्ड चेतेश्वर पुजारा और दुनिया में डॉन ब्रेडमैन के नाम है। ब्रेडमैन ने 7 मैचों में 1000 रन पूरा करने का कारनामा किया था।

# रणजी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर

## पीठ में चोट के कारण टीम से बाहर हुए; मुशीर खान मुंबई के स्क्वॉड में शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले प्लेयर्स पर सख्ती अपनाई और उन्हें वॉर्निंग लेटर लिखा था। श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी के 7वें राउंड का मुकाबला नहीं खेला और अब वह इंजरी के कारण नॉकआउट मैच से बाहर हो गए हैं। अय्यर पीठ में चोट के कारण बाहर हुए हैं। वहीं टीम इंडिया के लिए टी-20 डेब्यू कर चुके शिवम दुबे भी इंजर्ड हैं। वह भी बड़ोदा के खिलाफ मुंबई से मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। मुंबई ने नॉकआउट स्टेज के लिए 19 साल के ऑलराउंडर मुशीर खान को शामिल किया है।

**श्रेयस ने इस सीजन एक रणजी मैच खेला** - रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप के नॉकआउट मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे। मुंबई ने ग्रुप-बी में टॉप पर रहकर क्वालिफाई किया। श्रेयस टीम के लिए जनवरी में एक ही मुकाबला खेल सके थे। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया से 2 टेस्ट खेलते नजर आए थे। शुरुआती 2 मुकाबलों में खराब परफॉर्मेंस के बाद उन्हें आखिरी 3 टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद उन्होंने 16 फरवरी से रणजी में टीम के आखिरी राउंड का मुकाबला नहीं खेला। अब वह पीठ में चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से भी बाहर हो गए हैं।




### मुंबई ने मुशीर को स्क्वॉड में शामिल किया

मुंबई ने क्वार्टर फाइनल के लिए 16 प्लेयर्स का स्क्वॉड घोषित किया। टीम में सरफराज खान के भाई और अंडर-19 टीम इंडिया स्क्वॉड के सदस्य मुशीर को शामिल किया गया है। वह अंडर-19 वर्ल्ड कप के कारण रणजी के लीग मुकाबले नहीं खेल सके।

वर्ल्ड कप में उन्होंने 2 सेंचुरी के सहारे 360 रन बनाए, लेकिन टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दिलाने लायक योगदान नहीं दे सके। मुंबई की कप्तानी अजिंक्य रहाणे करेंगे। टीम में पृथ्वी शॉ, शार्दूल ठाकुर और धवल कुलकर्णी जैसे इंटरनेशनल प्लेयर्स भी शामिल रहेंगे।

### मुंबई का स्क्वॉड

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ, भूपेन लालवानी, अमोघ भटकल, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, प्रसाद पवार (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), शार्दूल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, आदित्य धूमल, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, धवल कुलकर्णी और रॉयस्टन डायस।

### बैक इंजरी के कारण पिछले सीजन आईपीएल नहीं खेला

श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण ही 2023 का आईपीएल सीजन भी नहीं खेल सके थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान संभाली थी। हालांकि टीम टॉप-4 में क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। आईपीएल के बाद भी श्रेयस अगस्त तक क्रिकेट फील्ड पर वापसी नहीं कर सके। उन्हें एशिया कप के स्क्वॉड में जगह मिली, लेकिन वह 2 ही मुकाबले खेल सके। फिर वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने नंबर-4 की पोजिशन संभाली और 2 सेंचुरी लगाकर 530 रन बना दिए। श्रेयस ने फिर टेस्ट टीम में जगह बनाई और साउथ अफ्रीका दौरे पर दोनों मुकाबले खेले। उन्हें फिर इंग्लैंड के खिलाफ भी टेस्ट खेलने का मौका मिला, लेकिन लगातार 4 टेस्ट में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाने के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

### श्रेयस को सालाना 3 करोड़ रुपए मिलते हैं

श्रेयस बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में आते हैं, उन्हें हर साल 3 करोड़ रुपए की सैलरी मिलती है। ऐसे में अगर वह फिट हैं और टीम इंडिया से नहीं खेल रहे हैं तो उन्हें अपनी घरेलू टीम से मुकाबले खेलने ही होंगे। श्रेयस ने फिट होने के बावजूद 16 फरवरी का मुकाबला नहीं खेला। अब वह चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से बाहर ही हो गए।

# स्पिन की मददगार पिच से रांची में मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

**रांची (एजेंसी)।** इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न% लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जायेगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, 'अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जाएगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। उन्होंने कहा, 'काफी दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है।

हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट




पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जायेंगे। उन्होंने कहा, 'हम जैसी उम्मीद लगाये हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी हो जायेगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने कुछ अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे। उन्होंने सपाट पिच पर भी अच्छा काम किया है।

पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा, 'अगर पिच स्पिन करेगी तो हमें और अधिक स्वीप शॉट और नये तरह के शॉट देखने को मिलेंगे। हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, 'हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे ही स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

भारत ने जसप्रीत बुमराह को आराम देने का फैसला किया है तो पोप को लगता है कि मेजबान टीम अक्षर पटेल के रूप में चौथा स्पिनर उतार सकती है। उन्होंने कहा, 'भारत चौथे स्पिनर को लायेगा, जब वे विकेट देखेंगे और आज दोपहर इस पर ट्रेनिंग करेंगे तभी हमें पता चलेगा कि वे क्या करते हैं। वे पिच से क्या चाहते हैं, वे कुछ घास रखे रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने पिच पर इतना पानी दिया है कि हमें संभवत- भारत से अतिरिक्त स्पिनर की उम्मीद है। जसप्रीत नहीं है तो अक्षर पटेल निश्चित रूप से उनका विकल्प होगा।

# इवो कार्लोविच ने आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा की

**जगरेब (क्रोएशिया) (एजेंसी)।** इवो कार्लोविच ने ढाई वर्ष से कोई टूर्नामेंट नहीं खेलने के बाद बुधवार को आधिकारिक रूप से टेनिस से अपने संन्यास की घोषणा की। क्रोएशिया के इस ऊंची कद काठी के खिलाड़ी ने 'एक्स' पर लिखा, 'टेनिस खिलाड़ी के तौर पर मेरा करियर काफी संतोषजनक, अपरंपरागत और लंबा रहा है। कार्लोविच अगले हफ्ते 45 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने अक्टूबर 2021 में कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स में दूसरे दौर में अपना अंतिम एटीपी मैच खेला था जिसमें वह हार गये थे। उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मैच इससे छह हफ्ते पहले अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार था।



कार्लोविच ने 25 साल के करियर में आठ एकल खिताब जीते, 371 जीत हासिल की और उन्हें 346 मैच में हार मिली। उनकी एकल में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने अगस्त 2008 में हासल की थी। ग्रैंडस्लैम में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2009 में विम्बलडन में रहा जिसमें वह क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने 2005 में क्रोएशिया के लिए डेविस कप जीता था जब फाइनल में टीम ने स्लोवाकिया को हराया था और देश का पहला खिताब दिलाया था। छह बार के ग्रैंडस्लैम एकल चैम्पियन बोरिस बेकर ने उन्हें 'एक्स' पर बधाई दी और उनकी सर्व को सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

पीएसएल 2024

# बाबर आजम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, ट्वंटी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10 हजार पूरे

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग के तहत लाहौर के मैदान पर कराची किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने 72 रन बनाने के साथ ही ट्वंटी 20 फॉर्मेट का बडा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। बाबर अब ट्वंटी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10 हजार पूरे करने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने विंडीज दिग्गज क्रिस गेल को पछाड़ा। बाबर ने कराची के खिलाफ तब बड़ी पारी खेली जब उनकी टीम ने 31 गेंदों के अंदर ही तीन विकेट गंवा लिए थे। बाबर ने 51 गेंदों पर 72 रन बनाए और रोवमैन पावेल और आसिफ अली की 23 रनों की पारी की बदौलत अपनी टीम को 154 रन तक पहुंचने में मदद की।

**ट्वंटी-20 में सबसे तेज 10 हजार रन**

271 पारियां - बाबर आजम, पाकिस्तान
285 पारियां - क्रिस गेल, विंडीज
299 पारियां -विराट कोहली, भारत
303 पारियां - डेविड वार्नर, ऑस्ट्रेलिया
327 पारियां = एरोन फिंच, ऑस्ट्रेलिया
350 पारियां - जोस बटलर, इंग्लैंड

**पीएसएल में भी लीडिंग स्कोरर बने**

140 रन बाबर आजम, पेशावर जाल्मी
137 रन रिजा हेंडरिक्स, मुलतान सुलतान
119 रन साहिबजादा फरहान, लाहौर कलंदर्स
116 रन सलमान अली आघा, इसलामाबाद यूनाइटेड
**114 रन सऊद शकील, क्वेटा ग्लेडिएटर्स** -

मुकाबले की बात करें तो पेशावर जाल्मी की शुरूआत खराब रही थी। ओपनर सैम अयुब पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद मोहम्मद हैरिस




6 तो टॉक कोहलर 2 रन बनाकर आऊट हो गए। बाबर ने रोवमैन पावेल (39) और आसिफ अली (23) के साथ पारी आगे बढ़ाई। बाबर 51 गेंदों पर 72 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन टीम को 154 रन तक पहुंचा दिया। कराची किंग्स की ओर से मीर हमजा ने 28 रन देकर 3, हसन अली ने 30 रन देकर 3 तो डेनियल सेम्स ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

कराची किंग्स शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), जेम्स विंस, शोएब मलिक, कीरोन पोलार्ड, मोहम्मद नवाज, इरफान खान, डेनियल सैम्स, हसन अली, तबरेज शम्सी, मीर हमजा

पेशावर जाल्मी सईम अयूब, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), टॉम कोहलर-कैडमोर, रोवमैन पॉवेल, आसिफ अली, आमेर जमाल, ल्यूक वुड, मोहम्मद जीशान, वकार सलामखिल, सलमान इरशाद

